Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 58 | शुक्रवार, 28 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सीएम योगी ने कहा

# मौनी अमावस्या हादसे की आड़ में विपक्ष रहा नकारात्मक



**महाकुंभ नगर।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को अलग-अलग कार्यक्रमों में सफाई एवं स्वास्थ्य कर्मियों समेत अन्य वर्ग के लोगों को सम्मानित करने के साथ 45 दिनों तक चले महाकुंभ-2025 के समापन की औपचारिक घोषणा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को अलग-अलग कार्यक्रमों में सफाई एवं स्वास्थ्य कर्मियों समेत अन्य वर्ग के लोगों को सम्मानित करने के साथ 45 दिनों तक चले महाकुंभ-2025 के समापन की औपचारिक घोषणा की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने न्यूनतम भत्ता से वंचित कर्मियों को कम से कम 16 हजार रुपये वेतन देने समेत अन्य घोषणाएं की। साथ ही विपक्ष पर तीखे हमले भी किए। मुख्यमंत्री करीब 11 बजे अरैल पहुंचे। अरैल घाट पर मुख्यमंत्री ने झाड़ू लगाकर मेला क्षेत्र की सफाई के अभियान की शुरूआत की। इसके बाद संगम स्नान और आरती-पूजन के बाद सेक्टर 24 स्थित राणी दुर्गावती पंडाल में आयोजित कार्यक्रम में सफाई तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को सम्मानित किया।इस मौके पर मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए सभी पक्षों को बधाई दी। कहा कि आस्था का इतना विशाल समागम कहीं हुआ। 66.30 करोड़ लोग आए लेकिन लूट, अपहरण, दुष्कर्म जैसी कोई घटना नहीं हुई। महाकुंभ का दिव्य एवं भव्य स्वरूप सामने आया। पहली बार हुआ जब 80 से अधिक देशों के लोग इसका हिस्सा बने और तारीफ की लेकिन विपक्ष के नेता शुरू से ही महाकुंभ को बदनाम करने में लगे हैं। वे माइक्रो स्कोप लेकर खामियां ढूंढ़ते रहे लेकिन कुछ नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर 28 एवं 29 फरवरी की रात को दुखद घटना हुई थी। हमारी पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना हैं लेकिन विपक्ष इसकी आड़ में महाकुंभ को बदनाम में जुट गया। विदेश तक की घटनाओं के वीडियो वायरल करके मौनी अमावस्या हादसे से जोड़ने की कोशिश की गई लेकिन सनातनियों ने उन्हें झुठला दिया। पूरी दुनिया में सनातन धर्म को मानने वालों ने संगम में डुबकी लगाई। सभी ने प्रशासन तथा पुलिस के व्यवहार की सराहना की। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि धर्म से अर्थ की पूर्ति हो सकती है।

**महाकुंभ को बदनाम करने की नहीं छोड़ी कसर**

यह महाकुंभ में दिखा। महाकुंभ आयोजन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था में नया आयाम आया। लाखों रोजगार मिले हैं। आध्यात्मिक टूरिज्म प्रदेश का आर्थिक विकास का आधार बन गया है। महाकुंभ को बिग सफल बनाते हुए मुख्यमंत्री ने अतिथियों के स्वागत में बिना किसी रागद्वेष के तत्पर रहने वाले शहरियों के प्रति भी आभार प्रकट किया।

## कैंसर का खतरा!

# इडली बनाने में प्लास्टिक शीट का हो रहा था इस्तेमाल

**बेंगलुरु।**



कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने इडली बनाने में प्लास्टिक के उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाने की गुरुवार को घोषणा की। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच में पता चला है कि 52 होटल इडली तैयार करने के लिए पॉलिथीन शीट का उपयोग कर रहे थे। पॉलिथीन शीट से कैंसर होने का खतरा होता है। इसके बावजूद होटल इन शीट का इस्तेमाल कर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस मामले में राज्यभर में 54 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, खाद्य सुरक्षा विभाग ने पूरे कर्नाटक में 251 स्थानों से इडली के नमूने एकत्र किए। पहले इडली पकाने के लिए कपड़े का इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन हमें जानकारी मिली कि होटलों ने हाल ही में प्लास्टिक का उपयोग करना शुरू कर दिया है। इसलिए अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर गए और जांच की। 251 होटलों में से 52 होटल प्लास्टिक का इस्तेमाल करते पाए गए। मंत्री ने कहा, 251 होटलों में से 52 होटल प्लास्टिक का इस्तेमाल करते पाए गए। होटल कारोबारियों को ऐसा कभी नहीं करना चाहिए क्योंकि प्लास्टिक कार्सिनोजेनिक है, जिसका अर्थ है कि यह कैंसर का कारण बन सकता है।

## चैंपियंस ट्रॉफी के बाद एशिया कप में भिड़ंगे भारत और पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, एशिया कप 2025 का आयोजन सितंबर में हो सकता है। मेजबानी भारत के पास है। हालांकि, टूनामेंट तटस्थ स्थल पर खेला जाएगा। टी20 विश्व कप 2026 से पहले एशिया कप का आयोजन होगा। इस टूनामेंट की मेजबानी भारत के पास है। हालांकि, एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) टूनामेंट का आयोजन तटस्थ स्थल पर कर सकता है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, एशिया कप 2025 का आगाज सितंबर में हो सकता है। यह टूनामेंट टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। एशियाई क्रिकेट परिषद के एक सूत्र ने कहा- टूनामेंट सितंबर में होगा। भारत के पास मेजबानी के अधिकार हैं लेकिन यह यूएई या श्रीलंका में खेला जाएगा। बता दें कि, यह टूनामेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा पहले ही इस प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में टीम के नेतृत्व की जिम्मेदारी सूर्यकुमार यादव पर होगी। भारतीय प्रशंसकों के लिए बड़ी खुशखबरी आ रही है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने एशिया कप के आयोजन की तैयारी कर ली है। इस टूनामेंट का आयोजन इसी साल सितंबर में हो सकता है।

# आज से पूरे प्रदेश में बदलेगा मौसम



**नई दिल्ली** ।आने वाले तीन से चार दिनों तक कहीं कम तो कहीं ज्यादा बारिश होगी। कुछ जगहों पर ओले भी गिर सकते हैं।

अगले तीन-चार दिनों के लिए उत्तर प्रदेश के मौसम में बदलाव के संकेत हैं। एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से शुक्रवार को प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी-तराई हिस्सों में तेज झोंकेदार हवा व गरज चमक संग बारिश की संभावना है। बारिश व बादलों की वजह से तात्कालिक तौर पर तापमान में तीन से चार डिग्री तक की गिरावट के आसार हैं। कुल मिलाकर मार्च की शुरूआत सुहाने मौसम से होने वाली है। मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार को प्रदेश के जिन इलाकों में बारिश होगी, वहां 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से रह-रह कर झोंके दार हवा भी चलेगी। वहीं पश्चिमी यूपी के सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद समेत पश्चिम के 11 जिलों में ओले गिरने की संभावना जताई गई है। शनिवार को भी प्रदेश के 35 से ज्यादा जिलों में वज्रपात की चेतावनी है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी यूपी और पूर्वी तराई इलाकों में झोंकेदार हवा व गरज चमक संग बारिश के संकेत हैं।

# मैनुअल स्कैवेंजिंग को लेकर अधिकारियों के जवाब से खफा हुआ सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, कोलकाता और हैदराबाद के अधिकारियों के उन जवाबों पर नाखुशी जाहिर की है जिनमें उनसे पूछा गया था कि अपने-अपने शहरों में उन्होंने हाथ से मैले और सीवर की सफाई को कैसे रोका। शीर्ष अदालत ने अगली सुनवाई पर कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के नगर आयुक्त, दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के निदेशक (एस एंड डीएम) और हैदराबाद मेट्रोपोलिटन वाटर एंड सीवरेज बोर्ड के प्रबंध निदेशक को उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने 19 फरवरी को कहा कि केएमसी, डीजेबी और हैदराबाद मेट्रोपोलिटन वाटर एंड सीवरेज बोर्ड ने यह नहीं बताया कि उनके शहरों में हाथ से मैला और सीवर की सफाई करने से कुछ मौतें कैसे हुईं।

पीठ ने बृहद बेंगलुरु महानगरपालिका के आयुक्त को भी उपस्थित रहने का निर्देश दिया और कहा उनकी ओर से न तो हलफनामा दायर किया गया और न ही अदालत में कोई प्रतिनिधि पेश हुआ।

# वक्फ बिल में बदलाव को कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक में प्रस्तावित बदलावों को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इसमें संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा हाल में सुझाए गए संशोधनों को शामिल किया गया है।



अब इस विधेयक को बजट सत्र के दूसरे भाग में चर्चा और पारित करने के लिए संसद में पेश किया जाएगा, जो 10 मार्च से चार अप्रैल तक चलेगा। भाजपा के कई शीर्ष नेताओं ने दावा किया है कि बजट सत्र के दौरान ही विधेयक पारित होने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिमंडल ने 19 फरवरी को हुई बैठक में जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली संयुक्त संसदीय समिति द्वारा सुझाए गए 14 संशोधनों को स्वीकार कर लिया। वक्फ (संशोधन) विधेयक में सरकार ने केंद्रीय और राज्य वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानूनों में 44 बदलावों का प्रस्ताव किया है। इन प्रस्तावों में वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम और (कम-से-कम दो) महिला सदस्यों को नामित करना शामिल है, जिसके कारण विपक्ष ने इन संशोधनों का जोरदार विरोध किया। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू द्वारा लोकसभा में पेश किए जाने के बाद अगस्त 2024 में विधेयक को जेपीसी के पास भेज दिया गया था।

# तुहिन कांत पांडे सेबी चीफ नियुक्त, तीन साल कार्यकाल



**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने तुहिन कांत पांडे को भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (रएइक) का प्रमुख नियुक्त किया है। पांडे फिलहाल केंद्रीय वित्त मंत्रालय में सचिव के रूप में पदस्थापित हैं। सेबी में पांडे का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। वे वर्तमान और पहली महिला सेबी अध्यक्ष बनीं माधबी पुरी बुच की जगह लेंगे। सरकार ने तुहिन कांत पांडे अगला सेबी चीफ नियुक्त किया है। इनका कार्यकाल तीन साल का होगा। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय (ऊङ्कढळ) ने पांडे की नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। नियुक्ति को कैबिनेट से मिली मंजूरी के बाद जारी पत्र के मुताबिक 1987 बैच के प्रशासनिक अधिकारी तुहिन कांत पांडे फिलहाल वित्त मंत्रालय में सचिव के रूप में कार्यरत हैं। सरकार ने नियुक्ति आदेश में साफ किया है कि पदभार ग्रहण करने की तारीख से या अगले आदेश तक इनका कार्यकाल तीन साल का होगा। पांडे ओडिशा कैडर के वरिष्ठ आईएएस पदाधिकारी रहे हैं। करीब दो साल से भी अधिक समय पहले हुए एअर इंडिया विनिवेश प्रक्रिया के समय भी पांडे चर्चा में रहे थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की टीम का अहम हिस्सा रहे वरिष्ठ नौकरशाह तुहिन कांत पांडे सितंबर, 2024 में वित्त सचिव बने थे। जनवरी, 2025 में उन्हें वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग (डीओआर) के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया।

# कॉलेजों में छात्रों के साथ भेदभाव करना पड़ेगा 'महंगा'




**नई दिल्ली।** ओडिशा में नेपाली छात्रों के साथ भेदभाव की घटना के बाद सक्रिय हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने छात्रों के साथ जाति, भाषा, लिंग, क्षेत्र व धर्म आदि के आधार पर होने वाले भेदभाव को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए है। भेदभाव की घटनाएं अब उच्च शिक्षण संस्थानों को भारी पड़ेगी।

उन्हें डिग्री कार्यक्रमों के संचालन सहित वित्तीय मदद और यूजीसी की योजनाओं आदि से प्रतिबंधित किया जा सकता है। यूजीसी ने छात्रों के साथ ही भेदभाव का घटनाओं को रोकने के लिए जो मसौदा जारी किया है, उसमें देश भर के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को अपने यहां एक समान अवसर केंद्र स्थापित करने होंगे।जिसके अध्यक्ष संस्थान के प्रमुख होंगे। साथ ही इस केंद्र में संस्थान के चार वरिष्ठ प्रोफेसर, सिविल सोसाइटी के दो प्रतिनिधि, छात्रों के बीच से दो प्रतिनिधि भी होंगे। केंद्र को संचालित करने वाली इस कमेटी में एक महिला सदस्य और एससी और एसटी वर्ग के एक-एक प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से रहेंगे।

# रक्षा मंत्रालय की हिन्दी पत्रिका 'सशक्त भारत' का हुआ विमोचन



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरूवार को यहां रक्षा मंत्रालय की द्विवार्षिक हिंदी पत्रिका सशक्त भारत के प्रथम संस्करण का विमोचन किया। इस पत्रिका में सशस्त्र बलों के कर्मियों की वीरता, देशभक्ति तथा बलिदान पर कविताएं और मंत्रालय के कर्मियों द्वारा लिखे गए सरकार की नीतियों पर लेख शामिल हैं। राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय के प्रयासों की सराहना की रक्षा मंत्री ने हिंदी को बढ़ावा देने के लिए राजभाषा विभाग के रक्षा मंत्रालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने हिंदी को अपनाने और इसके प्रयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा भाषा को भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को जोड़ने वाला सूत्र बताया। सशक्त भारत पत्रिका का उद्देश्य रक्षा मंत्रालय के कर्मचारियों की रचनात्मक प्रतिभा को उजागर करना और उन्हें हिंदी में अपने दैनिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना है। पत्रिका का ई-संस्करण रक्षा मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार, सचिव (पूर्व सैनिक कल्याण) डॉ. नितेन चंद्रा तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डा समीर वी. कामत और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**डा समीर वी. कामत और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।**

## संपादक की कलम से

### सेहत का पर्व



ललित शर्मा
संपादक

जब कहा जाता है कि भारत पर्व व त्योहारों का देश है, तो उसकी ठोस वजह है। जब मौसम व प्रकृति अपना रूप बदल रहे होते हैं तो इनके संधिकाल पर ये पर्व–त्योहार दस्तक देते हैं। हमें सचेत कर रहे होते हैं कि बदलते मौसम के अनुरूप अपना खान–पान, रहन–सहन और विचार–वाणी बदलिए। अध्यात्म हमें वास्तव में मानवीय बनने की प्रेरणा देता है ताकि हम आत्मकेंद्रित होने के बजाय प्रकृति, समाज, कुदरत की रचनाओं, वंचितों व जरूरतमंदों की भी फिक्र करें। शिवमय हुए देश में पर्व के मर्म को महसूस किया जा सकता है। सूर्योदय के साथ दैनिक कर्मों से निवृत्त लोग आस्थास्थलों की तरफ उमड़ते देखे जाते हैं। सूर्य के उगने से पहले उठना अपने आप में सेहत की कुंजी है। शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी–लंबी कतारें हममें धैर्य भर देती हैं, जो बताता है कि यदि हम नियम व कायदे के अनुरूप अपनी आस्था की अभिव्यक्ति करें तो तीर्थस्थल भगदड़ की त्रासदियों से सदा–सदा के लिए मुक्त हो सकते हैं। दरअसल, चाहे हमारे तीर्थ हों या देवालय, हमारे पूर्वजों ने उन्हें प्रकृति की सुषमा और जल स्रोतों के करीब बनाया है। जहां हम दैनिक जीवन की एकरसता से मुक्त होकर प्रकृति के सान्निध्य में सुकून महसूस कर सकें। हमारे बड़े तीर्थों के दुर्गम व पहाड़ी इलाकों में स्थित होने का अर्थ भी यही है कि हम शरीर को गतिशील बनाएं। हम पसीना बहाएं, जो अपने साथ शरीर के विजातीय द्रव्यों को बाहर निकालकर हमें स्वस्थ बनाता है। सही मायनों में हमारे पर्व–त्योहार समाज के लिए सेफ्टी–वॉल का काम ही करते हैं, भागमभाग के तनाव से मुक्त करते हैं। दफ्तर–परिवार में ऊंच–नीच से उपजी असहज स्थितियों से मुक्त होने का अवसर ये पर्व देते हैं। दरअसल, समय के साथ जीवनशैली में आए बदलावों संग न केवल हमारा व्यवहार कृत्रिम हुआ है बल्कि हमारा खानपान भी अपना मूल स्वरूप खो चुका है। ऐसे में ये पर्व हमें जीवन की वास्तविकता से रूबरू कराते हैं। कहने को तो हमारे पर्व–त्योहार आस्था व आध्यात्मिक व्यवहार से जुड़े हैं, लेकिन सही मायनों में वे हमारे स्वास्थ्य का संवर्धन कर रहे होते हैं। शिवरात्रि के व्रत में हम बेर आदि उन फलों का सेवन करते हैं, जो बदलते मौसम में हमारी शरीर की जरूरतों को पूरा करते हैं। तमाम लोग मंदिरों के बाहर दूध व फल आदि के लंगर लगाते हैं; जिससे दान देने वाले तो सेवाभाव से अभिभूत होते ही हैं, साथ ही श्रद्धालुओं के साथ ही तमाम गरीबों, जरूरतमंदों व भूखों को भी इससे लाभ मिलता है। ये पर्व हमारी आर्थिकी के लिए भी उत्प्रेरक तत्व हैं। फलों व पर्व से जुड़े सामान की बिक्री खूब होती है। उन लाखों लोगों को आर्थिक लाभ व रोजगार मिलता है, जो धार्मिक स्थलों के बाहर सड़कों पर दुकान लगा रहे होते हैं।

# बुलेट पर बैलेट की जीत से ही निकलेगा नक्सली आतंक का हल



नक्सलियों के आतंक के गढ़ रहे नक्सली प्रभावित इलाकों में चुनावों के जरिए लोकतंत्र के सूरज का उदय हो रहा है। इससे लोकतंत्र के प्रति भरोसा बढने के साथ ही इसकी जड़ें मजबूत हो रही हैं। भटके हुए युवाओं और डरे हुए ग्रामीणों को समझ में आने लगा है कि सिर्फ लोकतांत्रित तरीके से ही उनकी समस्याओं का हल निकाला जा सकता है। छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के लिए वोट डाले गए। इस दौरान बस्तर संभाग के सुकमा और बीजापुर जिले के अनेक मतदान केंद्रों पर पहली बार अनेक दशकों के बाद ग्राम पंचायतों में मतदान हुए। इस बार बस्तर में पंचायत चुनावों का नक्सलियों की ओर से कोई विरोध नहीं किया जाना क्षेत्र में 40 से अधिक नई सुरक्षा कैंपों की स्थापना और सरकार की ओर से ग्रामीणों में विश्वास बहाल करने की रणनीति का परिणाम है।

यह एक ऐतिहासिक बदलाव है और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत को दशार्ता है। राज्य में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, दंतेवाड़ा और गरियाबंद जिलों में और बीजापुर के पुसनार, गंगालूर, चेरपाल, रेड्डी, पालनार जैसे क्षेत्रों में ग्रामीणों ने निर्भीक होकर मतदान किया। गौरतलब है कि बस्तर में नक्सली कमांडर हिड़मा के गांव पूवर्ती में भी इस बार ग्रामीण मतदान के लिए उत्साहित हैं। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब पंचायत चुनाव हो रहे हैं। पंचायत चुनावों में ऐसा पहली बार हो रहा है जब नक्सलियों ने इसका विरोध नहीं किया है। राज्य में कमजोर हो रहे नक्सलवाद का यह सबसे बड़ा उदाहरण है।

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से हर बार पंचायत चुनावों में नक्सलियों की तरफ से पोस्टर जारी किए जाते थे लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है जब नक्सलियों ने विरोध नहीं किया। इसके साथ ही स्थानीय लोग भी वोटिंग करने के लिए घरों से बाहर निकले। इससे पहले नक्सली बस्तर इलाके में वोटिंग करने पर ग्रामीणों को धमकी देते थे। नक्सलियों ने कई बार पोस्टर जारी कर कहा था कि वोटिंग करने वालों की ऊंगलियों को काट लिया जाएगा जिस कारण से ग्रामीण वोटिंग करने के लिए नहीं निकलते थे। इस बार पंचायत चुनाव में ग्रामीणों ने बड़े उत्साह से साथ वोटिंग की है। हार्डकोर नक्सली इलाकों में वोटिंग के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी। हिडमा के गांव में पहली बार वोटिंग छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में पंचायत चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। यहां सुरक्षाबल के जवानों के कारण लोग वोटिंग करने के लिए घरों से बाहर आ रहे हैं। बस्तर संभाग के 7 नक्सल प्रभावित जिलों में कुल 1855 ग्राम पंचायतें हैं। लोकतंत्र की बुनियादी विजय पताका के फहरे जाने की वजह यह है कि सुरक्षाबल के जवानों ने नक्सलियों के हार्डकोर इलाके में 40 से अधिक कैंप स्थापित कर लिए हैं। जिस कारण से इन इलाकों में नक्सलियों का प्रभाव कम हुआ है। नए कैंप खुलने के बाद नक्सली पीछे हट गए हैं। वहीं, सुरक्षाकर्मी अब जवानों के गढ़ में घुसकर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं जिससे नक्सलियों में खौफ व्याप्त है। यही कारण है कि नक्सलियों ने इस बार इसका विरोध नहीं किया है। सुरक्षाबल के जवान नक्सलियों के गढ़ में घुसकर कार्रवाई कर रहे हैं। जिस कारण से वह पंचायत चुनाव का विरोध नहीं कर पाए। इससे पहले नक्सली मजबूत होते थे और हमारे सिस्टम पर हमला करते थे लेकिन अब वह लगातार कमजोर हो रहे हैं। अब वह अपना गढ़ बचाने में लगे हुए हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से हर बार पंचायत चुनावों में नक्सलियों की तरफ से पोस्टर जारी किए जाते थे लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है जब नक्सलियों ने विरोध नहीं किया। इसके साथ ही स्थानीय लोग भी वोटिंग करने के लिए घरों से बाहर निकले।

सुरक्षाबल के कैंप स्थापित होने से जो गांव नक्सलवाद के प्रभाव से मुक्त हो रहे हैं वहां से लोग सबसे पहले आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनवा कर सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। सरकार की योजनाओं का विस्तार इन इलाकों तक हुआ है। वह मुख्यधारा में जुड़ रहे हैं। पूर्व में सुरक्षा बलों की कार्रवाई सीधे अबूझमाड़ में नहीं होती थी। जिस कारण से नक्सलियों का गढ़ सुरक्षित था और वह इस तरह की हरकतें करते थें। पंचायत चुनाव के विरोध में पोस्टर लगाते थे और ग्रामीणों को धमकियां देते थे। मौजूदा सरकार की रणनीत से सुरक्षाबल के जवान गढ़ को भी घेर रहे हैं और कार्रवाई कर रहे हैं, वहीं गढ़ के आसपास भी नक्सलियों पर हमले हो रहे हैं जिस कारण से नक्सली बैकफुट पर आ गए हैं।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कहा कि इस बार बस्तर में पंचायत चुनावों का नक्सलियों की ओर से कोई विरोध नहीं किया जाना क्षेत्र में 40 से अधिक नई सुरक्षा कैंपों की स्थापना और सरकार की ओर से ग्रामीणों में विश्वास बहाल करने की रणनीति का परिणाम है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे की प्रक्रिया अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प के मुताबिक मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य सरकार बस्तर के नागरिकों को विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं से जोडने के लिए संकल्पित है।

बस्तर में सड़कें, पुल, स्कूल, अस्पताल और रोजगार परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे ग्रामीणों का शासन और लोकतंत्र पर विश्वास बढ़ा है। सुरक्षा बलों ने नक्सली आतंक के साए को खत्म करके वोटों के जरिए लोकतंत्र की बुनियाद आतंक प्रभावित क्षेत्रों में रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में भी सुरक्षाबलों ने बीते दिनों 31 नक्सलियों को मार गिराया। साल 2025 में 40 दिनों के अंदर अब तक कुल 81 नक्सलियों का खात्मा किया गया। साल 2024 में 239 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने ढेर किया था, वहीं साल 2023 में 24 नक्सली, 2022 में 305 नक्सली हमले हुए थे, जिसमें 10 जवान शहीद हुए थे और 31 नक्सली ढेर हुए थे। वर्ष 2021 में 48 नक्सली, 2020 में 44 और वर्ष 2019 में 79 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने ढेर किया था। केंद्र और राज्य का लक्ष्य है कि 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से मुक्त कराना है। बचे हुए भटके नक्सलियों के पास अब भी मौका है अपनी मांगों को मनवाने के लिए बंदूक की हठधर्मिता का रास्ता छोड़ कर लोकतंत्र के रास्ते विकास का सफर तय करें, अन्यथा सुरक्षा बलों के पास सशस्त्र कार्रवाई करने के अलावा दूसरा विकल्प नहीं होगा। **– योगेन्द्र योगी**

## ममता शर्मा



### तू उड़ परिंदा बन के

कविता

तू उड़ परिंदा बन के,
पूरा आकाश नाप दे।
कर हौसला तूफान से,
अपनी किश्ती निकाल दे।

ये थोड़ी सी परेशानी से,
तू क्यों डगमगाया।
तू है चिराग,
कर रोशनी सब में प्रकाश दे।

बन के पतवार खुद की,
खुद को तू कर किनारे।
डूबी हुई नैया को तू,
खुद ही उतार दे।

तू कर पहचान खुद,
सुखद अनुभूतियों की।
तू खुद चपल है,
सफलता से प्रमाण दे।

जरूरत नहीं तुझे तिनके की,
क्योंकि तू खुद खरल है।
बन के जटा उस वेग की,
तू कसर निकाल दे।

क्यों करे चिंता तू,
इस पल काल–ग्रह की।
लगा जोर इतना की,
अपना भविष्य सवार दे।

बन न पाए शत्रु,
तेरा कोई इस जहाँ में।
तू बन के पैगाम प्यार का,
सभी को बांट दे।

तू उड़ परिंदा बन के
पूरा आकाश नाप दे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# शिक्षा में महत्वपूर्ण बदलाव है अध्यापिकाओं की बढ़ती संख्या



-प्रियंका सौरभ, रिसर्च स्कॉलर इन पॉलिटिकल साइंस, हरियाणा

महिलाओं द्वारा संचालित कक्षाओं में समावेशी भागीदारी 20% अधिक होती है। सामाजिक बाधाओं और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करके, महिला शिक्षकों की उपस्थिति लड़कियों के शैक्षिक अवसरों को बढ़ाती है। महिला शिक्षकों की संख्या में वृद्धि के कारण बिहार की कन्या उत्थान योजना में महिलाओं के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। लिंग भूमिकाओं, बाल विवाह और मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बातचीत को सामान्य बनाकर, महिला शिक्षक समानता को बढ़ावा देती हैं। उड़ान योजना के अंतर्गत किशोरियों को महिला शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। महिला शिक्षकों द्वारा भावनात्मक समर्थन देने की संभावना अधिक होती है, जिससे विद्यार्थियों का कल्याण बेहतर होता है। अकादमिक महिलाओं को प्राय: मार्गदर्शन और मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क का अभाव होता है, जो शोध के अवसरों और कैरियर में उन्नति के लिए आवश्यक है। कई महिलाएं घर के कामकाज की दोहरी जिम्मेदारी के कारण अपने करियर से ब्रेक ले लेती हैं, जिससे उनके करियर में आगे बढ़ने और गुणवत्तापूर्ण शोध करने की क्षमता में बाधा आती है। नीति आयोग के अनुसार, भारत में महिला सदस्य बच्चे को जन्म देने के बाद लम्बे समय तक अपने करियर से ब्रेक ले लेती हैं, जिससे उनके स्थायी आधार पर नियुक्त होने की संभावना कम हो जाती है। **–प्रियंका सौरभ**

यूडीआईएसई+ 2023-24 रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय स्कूल शिक्षकों में अब 53.34 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो शिक्षा में उनकी बढ़ती भूमिका को दशार्ता है। उच्च शिक्षा में केवल 43% संकाय महिलाएं हैं, नेतृत्व की भूमिकाओं में उनका प्रतिनिधित्व और भी कम है। शैक्षणिक जगत में लैंगिक समानता अभी भी जड़ जमाये पूर्वाग्रहों, व्यावसायिक बाधाओं और संस्थागत कठिनाइयों के कारण बाधित है। भारत के शिक्षण कार्यबल में महिलाओं के प्रतिशत में वृद्धि शिक्षा की गुणवत्ता, समावेशिता और सामाजिक समानता में आमूलचूल परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती है। शिक्षणशास्त्र में लैंगिक पूर्वाग्रहों को चुनौती दी जाती है, समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है, तथा महिला शिक्षकों द्वारा महिला विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि की जाती है। छात्रों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए, महिला शिक्षक कक्षा में अधिकाधिक भागीदारी और लिंग-संवेदनशील शिक्षण को प्रोत्साहित करती हैं। यूनेस्को की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं द्वारा संचालित कक्षाओं में समावेशी भागीदारी 20% अधिक होती है। सामाजिक बाधाओं और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करके, महिला शिक्षकों की उपस्थिति लड़कियों के शैक्षिक अवसरों को बढ़ाती है। महिला शिक्षकों की संख्या में वृद्धि के कारण बिहार की कन्या उत्थान योजना में महिलाओं के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। लिंग भूमिकाओं, बाल विवाह और मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बातचीत को सामान्य बनाकर, महिला शिक्षक समानता को बढ़ावा देती हैं। उड़ान योजना के अंतर्गत किशोरियों को महिला शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। महिला शिक्षकों द्वारा भावनात्मक समर्थन देने की संभावना अधिक होती है, जिससे विद्यार्थियों का कल्याण बेहतर होता है।

उच्च शिक्षा संकाय पदों में महत्वपूर्ण लैंगिक असमानताएं महिला संकाय सदस्यों के कम प्रतिनिधित्व के कारण होती हैं। उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण के अनुसार, शिक्षण पदों पर पुरुषों की संख्या अधिक होने के बावजूद, उच्च शिक्षा संकाय में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 43% है। आईआईटी और एनआईटी में महिला संकाय का प्रतिनिधित्व अभी भी 20% से कम है, जो प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में लैंगिक असमानताओं को दशार्ता है। अकादमिक नेतृत्व में महिलाओं की भूमिका एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर स्तर तक सीमित है, जहां उनका प्रतिशत तेजी से गिरता है। सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में 25% से भी कम पूर्ण प्रोफेसर महिलाएं हैं, जो निर्णयों को प्रभावित करने की उनकी क्षमता को सीमित करता है। भारत के शीर्ष 50 विश्वविद्यालयों में 10% से भी कम कुलपति महिलाएं हैं। सामाजिक-सांस्कृतिक बाधाओं के कारण, केरल और तमिलनाडु जैसे दक्षिणी राज्यों में महिलाओं की भागीदारी अधिक है, जबकि ग्रामीण और उत्तर भारतीय विश्वविद्यालयों में यह कम है। केरल के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में आधे से अधिक प्राध्यापक महिलाएं हैं, जबकि बिहार और राजस्थान में यह प्रतिशत 30% से भी कम है। नियुक्ति और पदोन्नति में अचेतन पूर्वाग्रहों के कारण महिलाओं के नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभाने की संभावना कम होती है। अकादमिक महिलाओं को प्रायः मार्गदर्शन और मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क का अभाव होता है, जो शोध के अवसरों और कैरियर में उन्नति के लिए आवश्यक है। कई महिलाएं घर के कामकाज की दोहरी जिम्मेदारी के कारण अपने करियर में ब्रेक ले लेती हैं, जिसका असर उनकी उन्नति और शोध कार्य की संभावनाओं पर पड़ता है।

समान कैरियर उन्नति के अवसर सुनिश्चित करना, लिंग कोटा स्थापित करना, चयन समितियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करना तथा स्पष्ट पदोन्नति मानकों को लागू करना, शैक्षणिक नियुक्ति समितियों में 40 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व की अनिवार्यता के द्वारा, जर्मनी का डीएफजी कार्यक्रम अधिक महिलाओं को उच्च शिक्षा में नामांकन के लिए प्रोत्साहित करता है। शिक्षाविदों में महिलाओं की मेंटरशिप और नेटवर्किंग अवसरों तक पहुंच बढ़ानाः महिला संकाय सदस्यों को वरिष्ठ शिक्षाविदों के साथ जोड़ने के लिए औपचारिक मेंटरशिप कार्यक्रम स्थापित करना, वित्तपोषण के अवसरों, अनुसंधान और नेतृत्व विकास पर सलाह देना। केंद्रित मार्गदर्शन और समर्थन नेटवर्क के मूल्य के प्रमाण के रूप में, अमेरिका का ₹विज्ञान और इंजीनियरिंग में महिलाएं₹ कार्यक्रम नेतृत्व भूमिकाओं में महिलाओं की संख्या बढ़ाने में सहायक रहा है। कार्य-जीवन संतुलन को बढ़ावा देना, परिसर में बाल देखभाल सेवाएं प्रदान करना, सवेतन मातृत्व अवकाश बढ़ाना, तथा लचीले कार्यकाल पथ को लागू करना, महिला संकाय सदस्यों को मातृत्व के बाद एक वर्ष का कार्यकाल विस्तार प्रदान करके उनके शोध करियर को जारी रखने में मदद करता है। महिलाओं की प्रशासनिक और शैक्षणिक दृश्यता में सुधार लाने के लिए विशिष्ट वित्तपोषण उपलब्ध कराना तथा उनके लिए नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम चलाना, भारत की ₹महिला वैज्ञानिक योजना₹ महिला शोधकर्ताओं को करियर ब्रेक के बाद वित्त पोषण प्रदान करके शिक्षा जगत में वापस लौटने में मदद करती है। उच्च शिक्षा संकाय में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 43% है, जो कक्षा के बाहर उनके प्रभाव को सीमित करता है। आईआईटी और आईआईएम में महिला शिक्षकों का प्रतिशत 20% से भी कम है।

यूजीसी का जेंडर एडवांसमेंट फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंस्टीट्यूशंस (जीएटीआई) कार्यक्रम महिला संकाय सदस्यों को नेतृत्वकारी पदों पर आसीन होने के लिए प्रोत्साहित करता है। समान वेतन के दिशा-निर्देश स्थापित करें, श्रम कानूनों को अधिक सख्ती से लागू करें तथा अनुबंध शिक्षकों को नियमित करें। निजी शिक्षा में समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 का सशक्त प्रवर्तन आवश्यक है। परिसर में सुरक्षा प्रोटोकॉल, परिवहन विकल्प और शिकायत प्रक्रिया को बेहतर बनाएं। शैक्षणिक संस्थानों में महिला सुरक्षा उपायों की स्थापना को निर्भया फंड (2013) द्वारा वित्त पोषित किया गया है। लिंग-संतुलित शिक्षण स्टाफ प्रारंभिक शिक्षा में स्त्रीकरण को कम करेगा और देखभाल संबंधी जिम्मेदारियों को सामान्य बनाएगा। प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा में, फिनलैंड और स्वीडन पुरुषों की भर्ती को आक्रामक रूप से प्रोत्साहित करते हैं। गुमनाम शिकायत निवारण प्रक्रियाएं स्थापित करें, सुनिश्चित करें कि आंतरिक शिकायत समितियां (आईसीसी) कार्यरत हों, तथा सभी विश्वविद्यालयों में कठोर उत्पीड़न-विरोधी नीतियां लागू करें। यूजीसी के 2023 निर्देश के अनुसार विश्वविद्यालयों में आईसीसी आवश्यक है; हालाँकि, अभी भी कार्यान्वयन में खामियाँ हैं, विशेष रूप से छोटे और ग्रामीण संस्थानों में। शिक्षा जगत में लैंगिक अंतर को कम करने के लिए मजबूत मार्गदर्शन कार्यक्रम, समावेशी नियुक्ति प्रथाएं, संस्थागत परिवर्तन और बहुआयामी रणनीति आवश्यक हैं। परिवार-अनुकूल कार्यस्थलों को बढ़ावा देना, पारदर्शी पदोन्नति की गारंटी देना, तथा भेदभाव-विरोधी कानूनों को मजबूत बनाना, उच्च शिक्षा में महिलाओं को सशक्त बनाने में सहायक हो सकता है। लिंग-संवेदनशील, योग्यता-आधारित नीतियों की ओर प्रतिमान बदलाव से प्रतिनिधित्व में सुधार होगा और भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

## केपीआरसी इंटर कॉलेज में गबन कांड:

# बर्खास्त प्रिंसिपल चाबियां लेकर फरार, परीक्षाएं स्थगित

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** बरेली के केपीआरसी कला केंद्र इंटर कॉलेज में वित्तीय अनियमितताओं का बड़ा मामला सामने आया है। कॉलेज की पूर्व प्रिंसिपल ममता कुमारी पर 2 लाख रुपए के गबन का आरोप सिद्ध होने के बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। लेकिन बर्खास्तगी के बाद, उन्होंने कॉलेज के प्रिंसिपल रूम और अलमारियों की चाबियाँ लेकर फरार हो जाने से कॉलेज में अफरा-तफरी मच गई। इस कारण छात्रों की वार्षिक परीक्षाएँ स्थगित करनी पड़ीं, जिससे उनका भविष्य दांव पर लग गया है।

पूर्व प्रिंसिपल पर वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत के बाद शिक्षा विभाग ने जाँच शुरू कर दी थी। जाँच में गबन के आरोप सही पाए गए, जिसके बाद उन्हें पहले निलंबित किया गया और फिर उनकी सेवा समाप्त कर दी गई। उनके स्थान पर दीपा शर्मा को नया प्रिंसिपल नियुक्त किया गया, लेकिन ममता कुमारी बर्खास्तगी के बाद कॉलेज की चाबियाँ अपने साथ लेकर गायब हो गईं। कॉलेज प्रशासन और प्रबंध समिति ने इस मामले की शिकायत डीआईओएस, डीएम और एसएसपी से की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन की इस निष्क्रियता पर अभिभावकों और छात्रों में गहरा रोष व्याप्त है।

ममता कुमारी के चाबियाँ लेकर फरार होने से कॉलेज का संचालन ठप हो गया है। प्रिंसिपल ऑफिस और अलमारियों के ताले अब तक नहीं खुल सके हैं, जिससे वार्षिक परीक्षाएँ स्थगित करनी पड़ीं। इससे छात्र-छात्राओं का पूरा शैक्षणिक वर्ष प्रभावित हो सकता है। छात्रों और अभिभावकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द परीक्षा कराने और पूर्व प्रिंसिपल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की माँग की है।

परीक्षा स्थगित होने से छात्रों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कई छात्र-छात्राओं ने कहा कि वे पूरी तैयारी कर चुके थे, लेकिन अब नई तारीखों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। अभिभावकों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय रहते उचित कार्रवाई की गई होती, तो बच्चों को इस संकट का सामना नहीं करना पड़ता।

### प्रशासन की निष्क्रियता पर उठे सवाल

विद्यालय प्रबंधन समिति और स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिकायत के बावजूद अब तक न ताले तुड़वाए गए और न ही ममता कुमारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। कॉलेज प्रशासन ने जल्द से जल्द परीक्षा की नई तारीखें घोषित करने और फरार प्रिंसिपल पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की माँग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएँ दोबारा न हों।

# अभिनेत्री हेमा मालिनी और रमेश सिप्पी ने लिया कलाकारों का ऑडिशन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/वृंदावन।** हिन्दी फि ल्मों की मशहूर अभिनेत्री, सांसद हेमा मालिनी और फिल्म निमार्ता रमेश सिप्पी ने गुरुवार को गीता शोध संस्थान वृंदावन में अपनी अगली फिल्म के लिए कलाकार चयन हेतु आडीशन लिया।

ऑडिशन देने वालों में मथुरा, वृंदावन के अलावा आगरा, अलीगढ आदि स्थानों से युवक-युवती आदि कलाकार पहुंचे थे। ये आडिशन देर सायं तक चला। शुरू में लगभग दो दर्जन कलाकारों का श्री सिप्पी और हेमा मालिनी ने आडिशन लिया जबकि बाद में फिल्म निर्देशक उत्कर्ष जाधव, लेखक अभिषेक कुमार ने कलाकारों से संवाद बुलवाए। आडिशन में फिल्म के लाइन प्रोड्यूसर चंचल चौहान, गोलू यादव, विनोद ने सहयोग किया।

अभिनेत्री हेमा मालिनी ने कहा कि अगली फिल्म में ब्रज से कम सेकम 30 कलाकार लिए जाने हैं। ब्रज में अनेक ऐसे स्थल हैं, जहां फिल्म के दृश्य सूट किये जाने हैं। रमेश सिप्पी ने हेमा मालिनी से फिल्म निर्माण में सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने बताया कि अभिनेत्री हेमा मालिनी के अनुरोध पर अपनी अगली फिल्म में ब्रज के ज्यादा से ज्यादा कलाकारों को मौका देंगे। अगली फिल्म के ज्यादातर दृश्य ब्रज के रमणीक व दर्शनीय स्थल होंगे। इन स्थलों पर निकट भविष्य में फिल्मांकन होगा।

श्री सिप्पी सांसद हेमा मालिनी के आग्रह पर अपनी टीम के साथ वृंदावन प्रवास पर हैं, जहां उनकी टीम ने मथुरा, वृंदावन व अन्य स्थलों को देखा। फिल्म के लिए दो सटे मकान देखे। एक क्रिकेट फील्ड की जरूरत है। यमुना का किनारा भी चाहिए।

सांसद के सांस्कृतिक प्रतिनिधि डा अनूप शर्मा और गीता शोध संस्थान के समन्वयक (शोध, जनसंपर्क व प्रकाशन) चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने ऑडिशन के संबंध में बताया कि अभिनय के लिए लगभग तीस कलाकारों की सूची बनेगी। कलाकारों ने अभिनय की झलक दिखायी। कुछ ने अपने स्वर से गायन किया।

गीता शोध संस्थान वृंदावन पधारने पर निदेशक प्रो दिनेश खन्ना और ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा उमेश चंद्र शर्मा ने हेमा मालिनी और रमेश सिप्पी ने बुके देकर व शाल उढ़ाकर स्वागत किया। सांसद हेमा मालिनी के सांस्कृतिक प्रतिनिधि डॉ अनूप शर्मा ने बताया कि रमेश सिप्पी जी टीम भविष्य में भी मथुरा आयेगी। कोशिश होगी ज्यादा से ज्यादा कलाकारों का चयन हो।

# अर्बन हाट शुरू करने के लिए फिर निकाला टेंडर, कंपनी से होगा 30 साल का अनुबंध




**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** स्मार्ट सिटी कंपनी की ओर से करीब 157.67 करोड़ की लागत से बनवाए गए अर्बन हाट को शुरू करने के लिए एक बार फिर टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई है। अफसरों के मुताबिक, शर्तों पर खरी उतरने वाली प्राइवेट सेक्टर पार्टनर कंपनी के साथ अर्बन हाट चलाने के लिए 30 साल का अनुबंध किया जाएगा। उद्योग विभाग की जमीन पर स्थानीय जरी-जरदोजी और हस्तशिल्प कारीगरों को सुविधाएं देने के साथ स्मार्ट सिटी कंपनी की आय का जरिया बनाने के उद्देश्य से अर्बन हाट एंड हैंडीक्राफ्ट सेंटर का निर्माण किया गया है। हाट परिसर में बाजार के साथ मनोरंजन का भी इंतजाम किया गया है ताकि लोगों को इस ओर आकर्षित किया जा सके। हालांकि काफी समय पहले निर्माण पूरा होने के बावजूद अब तक इसे चलाने के लिए कोई एजेंसी आगे नहीं आई है। पिछले दिनों स्मार्ट सिटी कंपनी के सीईओ संजीव कुमार मौर्य की पहल पर चार कंपनियों ने अर्बन हाट चलाने में दिलचस्पी दिखाई थी। इसके बाद अब टेंडर में तकनीकी और फाइनेंशियल बिड की प्रक्रिया शुरू की गई है। पीएसपी के चयन के लिए गुरुवार से बिड प्रक्रिया शुरू हो गई। तकनीकी और फाइनेंशियल बिड खुलने में अंकों के आधार पर कंपनी का चयन किया जाएगा। अर्बन हाट और हैंडीक्राफ्ट सेंटर चलाने को एजेंसी तय करने के लिए टेंडर निकाला गया है ताकि जल्द से जल्द इसे शुरू किया जा सके। संजीव कुमार मौर्य, सीईओ स्मार्ट सिटी कंपनी।

# अप्रैल से आवेदन कर्ता के घर पहुँचने लगेंगे ड्राइविंग लाइसेंस

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** सारी प्रक्रिया पूरी करने के काफी समय बाद भी जिले के करीब ढाई हजार लोगों के हाथ में अभी तक ड्राइविंग लाइसेंस नहीं आ सका है। इसको लेकर अब एक राहत भरी खबर आ रही है। स्मार्ट ड्राइविंग लाइसेंस में लगने वाली चिप की आपूर्ति मार्च में शुरू हो जाएगी। जिसके बाद अप्रैल से उनके पास लाइसेंस पहुंचने भी शुरू हो जाएंगे। जिले में औसतन सौ से ज्यादा लोग रोज परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन करते हैं। इन्हें परिवहन विभाग अब विशेष प्रकार के चिपयुक्त स्मार्ट लाइसेंस जारी करता है जो लखनऊ में प्रिंट होते हैं। वैसे तो ये ड्राइविंग लाइसेंस 30 दिन में डाक के माध्यम से लाइसेंस आवेदक के घर पहुंचने का प्रावधान है लेकिन चिपयुक्त स्मार्टकार्ड की आपूर्ति यूक्रेन से होती है जो वहां युद्ध की वजह से काफी समय से प्रभावित हो रही है, इसलिए ढाई हजार से ज्यादा लोगों को सारी प्रक्रिया पूरी होने के कई महीने बाद भी अभी तक लाइसेंस नहीं मिल पाए हैं। परिवहन विभाग के अफसरों के मुताबिक अब चिपयुक्त स्मार्टकार्ड की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। जिससे मार्च से ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने का काम पटरी पर आ जाने की उम्मीद है। एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह के मुताबिक ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन के बाद चेकिंग के दौरान आवेदक अपना रजिस्ट्रेशन नंबर दिखा सकता है। जिन लोगों के लाइसेंस पोर्टल पर शो हो रहे हैं, वे इसे डिजिटल लॉकर में सुरक्षित कर सकते हैं। इसे दिखाकर भी चालान से बचा जा सकता है। जिले में करीब चार महीने से स्मार्ट डीएल नहीं जारी हो रहे हैं लेकिन विभाग ने लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया जारी रखी है। इस कारण लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। परिवहन विभाग के अधिकारी बताते हैं कि करीब ढाई हजार लोगों का ब्योरा स्मार्ट ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए लखनऊ भेजा जा चुका है लेकिन चिप की कमी से लाइसेंस प्रिंट नहीं हो सके हैं।

# अलौकिक छप्पन भोग एवं फूल बंगला के दर्शन कर श्रद्धालु हुये मंत्रमुग्ध

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/फरह।** कस्बे के शिव मन्दिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड उमड पडी। बम बम भोले और ओम नमः शिवाय के जयकारे गूंजने लगे। फरह के थाने वाले शिव मन्दिर में कॉवर और महिलाओं द्वारा जेअर चढाने का सिलसिला कई घंटो तक अनवरत चलता रहा। पूर्व की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर थाने वाले शिव मन्दिर में छप्पन भोग एवं फूलबंगला का भव्य आयोजन किया गया। मन्दिर में इस बार कार्यक्रम की 31 वीं वर्षगांठ मनायी गयी।

महादेव के दर्शन कर श्रद्धालू भावविभोर हो गये। इस बार भी भोले बाबा सेवा समिति के सदस्यों ने विशेष रुप से पंचतत्व एवं कई प्रकार के इत्रों से शिवलिंग का अभिषेक किया और भोले बाबा का श्रृंगार किया गया। पूरे मन्दिर को चंपा, चमेली, गेंदा, गुलाब, एवं फूल मालाओं से सजाया गया। उसके बाद विभिन्न प्रकार के व्यंजन भोले बाबा का अर्पित किये गये। देर रात तक भक्तों की भारी भीड उमडती रही। सायंकालीन भजन संध्या कार्यक्रम के अर्न्तगत महारास ने दर्शकों का मनमोह लिया।

राधाकृष्ण और शिव पार्वती की विभिन्न झांकियों, फूल होली, मयूर नृत्य, रासलीला, चरकुला नृत्य आदि प्रस्तुतियों के कारण दर्शक अपनी जगहों से चिपके रहे।

### धूमधाम से निकली महाकाल की बारात

**मथुरा/फरह।** महाशिवरात्रि के पर्व पर इस बार कस्बा फरह में भव्य शिव बारात भी निकाली गयी। जिसमें नंदी पर सवार होकर भोले बाबा अपने गणों के साथ नाचते झूमते चल रहे थे। बैण्ड और डीजे की थाप के साथ भोले बाबा और उनके गणों ने शिव की विभिन्न लीलाओं का मंचन किया। भस्म आरती, रौद्र रुप, मां काली संवाद, आदि शिवगाथाओं का मंचन किया गया। शिव बारात गंगा धर्मशाला से प्रारम्भ होकर मुख्य बाजार, से गुजरती हुई, हाईवे सर्विस रोड से पथवारी चौक तक पहुंची। शिव बारात पर कस्बावासियों ने जमकर पुष्पवर्षा की। नंदी पर सवार भोले बाबा की जगह जगह आरती उतारी गईं।

# सफलता के लिए निरंतर मेहनत जरूरी : मुजीबुल्लाह

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को विकास खंड सेमरियावां के आइडियल पब्लिक स्कूल बिगरा अव्वल में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सेमरियावां ब्लाक के आइडियल पब्लिक स्कूल बिगरा अव्वल में बृहस्पतिवार को वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न हुआ।

इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि नेशनल इंटर कालेज मूड़ाडीहा बेग के प्रधानाचार्य मुजीबुल्लाह ने कहा कि सफलता के लिए निरंतर मेहनत जरूरी है। अपने जीवन का एक लक्ष्य बनाये और उसी के अनुरूप मेहनत करें। बिना तालीम के कोई व्यक्ति सफल नहीं हुआ है। अपने नवनिहालों के उज्जवल भविष्य के लिए तालीम के साथ तरबियत पर भी ध्यान दीजिये। बिना तरबियत के तालीम का मकसद पूरा नहीं होता।

इस दौरान प्रभारी यातायात परमहंस, जफीर करखी, फैजान अहमद, एजाज मुनीर, इंतेशार अहमद, रिजवान मुनीर ने भी सम्बोधित किये। समारोह की अध्यक्षता प्रबंधक मौलाना अजकार अहमद कासमी और संचालन अतहरूल बारी ने किये। कार्यक्रम का आगाज रुम्माना खातून केराअत से हुआ।

इन बच्चों को सम्मानित किया गया रूम्माना खातून, रूशदा खातून, मारिया खातून, तैय्यबा, समीरा, मिनहाज, अतीउल्लाह, मोहम्मद कैश, उमैमा, संजना, रजीना, आफरीन, उम्मे सूलेम, संध्या, शहेना, सकीना, साद, वजीहुद्दीन, कलीमुल्लाह, स्टूडेंट ऑफ द ईयर राजीना खातून, बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड रूमाना खातून

इन टीचर्स को किया गया सम्मानित अब्दुल हसीब, अतहरूल बारी, शमीम अहमद, शाह आलम, मोहम्मद जैद, नरपति, महताब आलम, उम्मे हफ्सा, नाहिद फात्मा, प्रेमशिला, नाहेदा खातून, आसिफा खातून, मंतशा खातून, खुशनुमा खातून।

# चकलेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित हुआ रात्रि जागरण

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** मानसी गंगा स्थिति चकलेश्वर महादेव मंदिर पर बुधवार को रात्रि जागरण का आयोजन भक्तों के द्वारा किया गया। जिसमें एक तरफ दसवीसा ब्राह्मणन तो दूसरी तरफ बड़ा बाजार गोवर्धन के कलाकारों ने रात्रि भर होली के रसिया गाकर भोलेनाथ को मनाया। गोवर्धन में प्राचीन काल से परंपरा चली आ रही है की दोनों तरफ के कलाकार महाशिवरात्रि पर्व पर रात भर समाज गायन करते हैं और भक्तों की भीड़ रात भर कार्यक्रम का आनंद लेती है। बड़ा बाजार गोवर्धन के कलाकारों द्वारा मनमोहक भजनों से श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया। गोवर्धन के विख्यात कलाकार संतोष अंजाना, सुरेश स्वामी, नरेश स्वामी, सोनू शर्मा, विजय पंडित, राजू मास्टर, आदि कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजन सुनाए गए जिनमें, रात में सोमती लेनी जगा आयकर श्याम ने, मेरी चुनर में लग गया दाग रि कैसो चटक रंग डारों, आज बचे न गोरी बिना रंग लागे खड़ा तेरा श्याम आगे, छैला यह नंद को रंग डार गयो री। आदि भजनों का श्रोताओं ने रात भर जमकर आनंद लिया। तो वही दसवीसा समाज की तरफ से स्वामी महेश चंद शर्मा, भरत शर्मा, मुरारी लाल तिवारी नृत्य गोपाल गुरु आदि कलाकारों ने भी जमकर आनंद दिलाया।

इस मौके पर लक्ष्मण मुखिया, रामधन पहलवान, चेयरमेन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार, राजेश शर्मा, मुरली पहलवान, लड्डू गोपाल मुखिया, राजू ठेकेदार, आदि मौजूद रहे।

# 410 दिन से बिना सूचना के गायब सिपाही बर्खास्त, सेवा में लापरवाही करने पर कप्तान ने की कार्रवाई

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** किसी भी अधिकारी से बिना अवकाश लिए और बिना किसी सूचना के पिछले 410 दिन से लगातार अनुपस्थित होने व अपनी सेवाकाल में 1363 दिन गैरहाजिर रहने वाले सिपाही सचिन तोमर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बर्खास्त कर दिया। सिपाही लगातार एक के बाद एक अनुशासन हीनता कर रहा था। सिपाही सचिन तोमर बिना उच्चाधिकारीगणों को कोई सूचना दिए पुलिस नियमों का उल्लंघन कर अनुपस्थित रहा। सिपाही सचिन इससे पूर्व में भी वर्ष 2020 में ड्यूटी से बिना अवकाश की अनुमति के 180 दिन गायब रहा। साथ ही वर्ष 2022-23 में ड्यूटी से बिना अवकाश लिए 544 दिन लापता रहा। एसएसपी ने कर्तव्यों का सही निर्वहन नहीं करने, अपने कर्तव्य के प्रति अनुशासनहीनता, अकर्मण्यता, स्वेच्छाचारिता बरते जाने का द्योतक मानते हुए सिपाही सचिन तोमर को पुलिस विभाग के आरक्षी पद से बर्खास्त कर दिया।

# बरेली में अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की हुई मौत, परिवारों में पसरा मातम

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** जिले में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की जान चली गई, जिससे उनके परिवारों में मातम पसर गया। हादसों में जान गवाने वालों में हरदोई, बरेली और शाहाबाद के निवासी शामिल हैं। हरदोई निवासी एक युवक बरेली आ रहा था, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दूसरे हादसे में बरेली में एक स्कूटी सवार व्यक्ति को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तीसरे हादसे में शाहाबाद में एक राहगीर को अनियंत्रित कार ने कुचल दिया, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। तीनों घटनाओं के बाद पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

देवरनियां के गांव उदर निवासी उमाशंकर (48) 24 फरवरी को एक शादी समारोह से लौट रहे थे। तभी कटहर्रा ढाल के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान बुधवार देर रात उनकी मौत हो गई। उमाशंकर अविवाहित थे और खेती-बाड़ी कर जीवन यापन करते थे। उनकी मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हरदोई जिले के थाना शाहाबाद के गांव आगमपुर निवासी लालाराम (55) 10 फरवरी को एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। शेरामऊ के पास उनकी बाइक को एक डंपर ने टक्कर मार दी थी। पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया। कई दिनों तक चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना शाही के गांव काशीपुर निवासी धनपाल (25) बरेली के धनेटा फाटक पर एक मिठाई की दुकान पर काम करता था। बुधवार रात वह बाइक से घर लौट रहा था, तभी जुन्हाई गांव के पास एक अज्ञात कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि धनपाल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जेब में रखे कागजों के आधार पर परिजनों को सूचना दी।

# 2.1 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**सहपऊ।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी एवं तस्करी के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना सहपऊ पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को मानिकपुर पुल के पास से नशीला पदार्थ (गांजा) सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। जिसके कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त जितेंद्र पुत्र महताब सिंह निवासी ग्राम कजरोठी थाना सादाबाद जनपद की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सहपऊ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# परिवार

**वेलकम इंडिया/पीयूष अरोड़ा**



आज परिवार टूटे जा रहे हैं भाई भाई से अलग हो रहा है पुत्र पिता से अलग हो रहा है ऐसा क्यों हम लोग शांत होना भूल चुके हैं क्षमा से बहुत दूर हो गए हैं हम लोगों ने क्षमा शब्द को ही भुला दिया है हम लोगों के अंदर त्याग की भावना समाप्त हो चुकी है अहम्‌ से हम लोग भर चुके हैं इसलिए यह सब हो रहा है हम सभी लोग मयार्दा प्रभु राम की हम स्तुति वंदना करते हैं परंतु उनके चरित्र का अनुसरण नहीं करते राजतिलक की घोषणा होने के बाद भी उन्हें राजपाट त्याग कर उन्हें वन को जाना पड़ा।

पिता की आज्ञा का पालन किया आजकल ऐसा कौन होगा जो पिता की आज्ञा पालन कर अपनी जमीन जायदाद को छोटे भाई को दे दे क्या इस तरह की त्याग भावना है हमारे अंदर और ऐसा कौन सा भाई होगा जिसे राजपाट मिलने के बाद भी उसे लौटने के लिए अपने भाई को वापस लाने के लिए के लिए वन में जाए और भाई को राजपाट संभालने का निवेदन करें क्या आजकल भाइयों में इस तरह का प्रेम भावना है

परिवार के बिखराव का सबसे बड़ा कारण है हम लोग शांत होना भूल गए वाणी पर लगाम लगाना भूल गए हम लोग सुनते हैं कि एक चुप 100 को हराय परंतु अपने अंदर धारण नहीं करते अहम्‌ हमारे अंदर कूट-कूट कर भरा है।

वाणी पर संयम नहीं लगते व्यंगात्मक शैली का प्रयोग आपस में करते हैं एक दूसरे को नीचा करने के लिए इसी वाणी से आप गैरों को अपना बना सकते हैं और अपने को पराया यदि हम अपने अंदर अहम्‌ की भावना को त्याग दें वाणी पर संयम और शांत होना सीख ले परिवार के लिए समय निकले और साथ बैठे आपस में समय मिलने पर बातचीत करें एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें इस तरह करने से काफी हद तक परिवार को टूटने से बचाया जा सकता है।

# बच्चों की रुचियों और प्रतिभाओं को पहचानने की आवश्यकता है : मुहम्मद अहमद खान

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को विकास खंड सेमरियावा के द मॉडर्न पब्लिक स्कूल दुधारा में शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सेमरियावा ब्लाक के द मॉडर्न पब्लिक स्कूल दुधारा में बृहस्पतिवार को एक दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के डायरेक्टर मुहम्मद अहमद खान ने होमवर्क की नियमित जांच और अनुशासन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह बच्चों में जिम्मेदारी और निरंतरता बनाए रखने में मदद करता है। बच्चों की रुचियों और प्रतिभाओं को पहचानने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और प्रेमपूर्वक शिक्षा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बच्चों की शिक्षा, मोबाइल के दुरुपयोग, खेल-कूद और अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाने पर जोर देते हुए कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है। बच्चों के स्क्रीन टाइम को सीमित करें और उन्हें नियंत्रित तरीके से मोबाइल का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। शारीरिक गतिविधियां न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह बच्चों की एकाग्रता और सीखने की क्षमता को भी बढ़ाती हैं।

किसान इंटर कॉलेज पचपोखरी के प्रधानाचार्य फिरोज अहमद ने कहा कि बच्चा विद्यालय में सिर्फ छः घंटे ही रहता है बाकी समय वह अपने परिवार के साथ रहता है इसलिए शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। उन्होंने माता-पिता और शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान दें और उनके साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करें, ताकि वे अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग कर सकें। इस अवसर पर मौलाना आजाद इंटर कॉलेज के प्रवक्ता कमालुद्दीन, अब्दुल हई, समाजसेवी मुशीर अहमद, प्रधान अब्दुल कलाम, शायर शकील अहमद, मास्टर अख्तर, अब्दुर्रहीम उर्फ लाला आदि मौजूद रहे।

## बाबा बैजनाथ धाम में विशाल भंडारा संपन्न

**वाराणसी मिजार्मुराद।** विकास खंड चोलापुर क्षेत्र के दानगंज में नवनिर्मित बाबा बैजनाथ व माता सती मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह हेतु कलश यात्रा के पश्चात महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा बैजनाथ शिवलिंग व माता सती मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना के साथ विशाल भंडारे का आयोजन बुधवार को दानगंज बाजार में किया गया। उक्त भंडारे में दानगंज, सुआरी, पहाड़पुर, महमूदपुर, जरियारी समय दर्जनों गांव के हजारों आस्थावानों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मौके परप्रभारी निरीक्षक चोलापुर राकेश कुमार चौकी प्रभारी दानगंज आदित्य सेन सिंह फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। मौके पर प्रमुख रूप से राजू मौर्य, आनंद मौर्या, सत्येंद्र मौर्या, शैलेश सिंह, राजू मौर्या, अजय जायसवाल, अनूप गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुनील सेठ, रमेंश चंद्र राजभर, विपिन यादव, सतीश जायसवाल, संतोष यादव, गिरिश बरनवाल, विजय बरनवाल, अमित बरनवाल, अमित वर्मा मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर "विज्ञान से विकसित गांव" वेबसाइट का शुभारंभ

वेलकम इंडिया

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर, ग्रामीण भारत में वैज्ञानिक दृष्टिकोण (स्र्ल्ल३्रू ळीस्रे१) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्विज्ञान से विकसित गांवश् वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। इस महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत डॉ. विक्रम सिंह मीणा ने की, जिनका लक्ष्य विज्ञान और नवाचार को गांवों तक पहुंचाना है। यह वेबसाइट ग्रामीण समुदायों को विज्ञान और तकनीक से जोड़ने, और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए एक प्रभावी मंच बनेगी। वेबसाइट लॉन्च के अवसर पर डॉ. विक्रम सिंह मीणा ने कहा, श्राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हमें याद दिलाता है कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे आम जनजीवन का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। ह्यविज्ञान से विकसित गांवह्ण वेबसाइट का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें विज्ञान और तकनीक के लाभों से जोड़ना है। जब गांवों में वैज्ञानिक सोच का विकास होगा, तो वे आत्मनिर्भर बनेंगे और सतत विकास की ओर अग्रसर होंगे।ह्व राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर इस पहल का शुभारंभ यह दशार्ता है कि विज्ञान केवल अनुसंधान और खोज तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के हर वर्ग के जीवन को बेहतर बनाने का साधन है। श्विज्ञान से विकसित गांवश् वेबसाइट विज्ञान और तकनीक को ग्रामीण भारत के विकास में एक महत्वपूर्ण शक्ति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा और कृषि के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ नवाचारों को प्रोत्साहित करेगी।

ग्रामीण भारत की समृद्धि में विज्ञान की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। जब विज्ञान गाँवों तक पहुँचेगा, तो वहाँ के किसानों, कारीगरों और उद्यमियों को आधुनिक तकनीकों का लाभ मिलेगा। स्मार्ट खेती, जल संरक्षण तकनीक, जैविक खेती, सौर ऊर्जा और इंटरनेट आधारित नवाचारों से गाँवों की अर्थव्यवस्था मजबूत हो सकती है। विज्ञान केवल शहरीकरण का साधन नहीं, बल्कि सतत विकास (२४२३ल्लुंह्री ऊी५ीह्लङ्घ्रेील्ल३) का माध्यम भी है। जब ग्रामीण युवा विज्ञान और तकनीक का उपयोग कर नवाचार करेंगे, तो भारत की आर्थिक स्थिति और भी सशक्त होगी। इसी दिशा में श्विज्ञान से विकसित गांवश् जैसे संगठन अहम भूमिका निभा रहे हैं। हमारा उद्देश्य विज्ञान को गाँवों तक पहुँचाना और वहाँ के युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ना है। हम विज्ञान जागरूकता अभियान, डिजिटल लर्निंग कार्यक्रम, कृषि नवाचार कार्यशालाएँ, मोबाइल साइंस वैन और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहे हैं। हमारा मानना है कि जब युवा वैज्ञानिक सोच अपनाएंगे, तो वे रोजगार सृजन और नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगे। अंततः, विज्ञान दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि वैज्ञानिक सोच को अपनाने का संकल्प है।

## अड़ींग में डिग्री कालेज की मांग

**मथुरा।** मथुरा गोवर्धन मार्ग स्थित गांव अड़ींग में डिग्री कालेज की स्थापना के लिए सांसद हेमा मालिनी एवं क्षेत्रीय विधायक मेघश्याम सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। भाजपा जिला प्रतिनिधि दिलीप कुमार यादव की ओर दिए गये मांग पत्र में महाविद्यालय की स्थापना को क्षेत्रीय जरूरत बताया गया है। जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि अड़ींग क्रांतिकारियों की भूमि है। 1934 तक यहां थाना था। ब्रिटिश पीरियड में अड़ींग तहसील परगना रहा। वर्तमान में यहां जीआईसी, जीजीआईसी, एक ऐडेड इण्टर कालेज, तीन प्राईवेट इण्टर कालेज, आधा दर्जन बेसिक व जूनियर हाईस्कूल हैं। निकट के करीब तीन दर्जन गांवों के बच्चे यहां शिक्षा पा रहे हैं । श्रेत्र में निजी महाविद्यालयों की फीस देना हर बच्चे के बस में नहीं। कुछ मामलों में शिक्षा का स्तर भी अकुशल शिक्षकों से शिक्षण कार्य काराने के चलते गिर रहा है। गोवर्धन के नजदीक होने व भीड़भाड़ से दूर होने के अलावा अड़ींग गोवर्धन से लेकर खामनी तक के क्षेत्र का केन्द्र है। श्री यादव ने अवगत कराया कि इस इलाके में डिग्री कॉलेज की जरूरत है। यह मांग दशकों पुरानी है। डिग्री कॉलेज खोलने के लिए राजकीय भारतीय इंटर कालेज का फार्म पर्याप्त है। यह करीब डेढ़ हैक्टेयर का है। इसी पर राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खोला गया। माध्यमिक शिक्षा विभाग से एन ओ सी लेकर खोला जा सकता है। ग्राम पंचायत की अन्य जमीन भी दबी पड़ी हैं।

## स्वयं सेवक बनने हेतु करें आवेदन : अपर जिला जज

**संतकबीरनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संत कबीर नगर से सचिव महेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि जनपद संत कबीर नगर में पराविधिक स्वयं सेवक हेतु आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। इच्छुक व्यक्ति पात्रता एवं अन्य विस्तृत जानकारी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायालय परिसर, संत कबीर नगर के कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं, अथवा जनपद न्यायालय की वेबसाइट santkabirnagar.dcourts.gov.in से फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 17 मार्च 2025 निर्धारित की गयी है।

## पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना धनघटा उ0नि0 रामदरश यादव, का0 संतोष यादव ने मु0अ0सं0 90/2025 धारा 137(2), 87, 351(3) बीएनएस थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त रोशन पुत्र गौतम निवासी सेवईपार थाना धनघटा को पारासीर चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनांक 26.02.2025 को थाना धनघटा पर वादिनी की नाबालिग पुत्री को उपरोक्त अभियुक्त द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

## महा शिवरात्रि पर शिवालयों में दर्शनार्थियों की रही भीड़



**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को सुबह से ही क्षेत्र के गौर गांव मिजार्मुराद (बंगलाचट्टी) प्राचीन श्री शिवमन्दिर में श्रद्धालुभक्तो महिलाएं पुरुष बच्चे बच्चियो की भोलेनाथ के दर्शन हेतु भारी भीड़ लगी रही श्रद्धालु हाथ में दूध, बेलपत्र, जल, धतूर मदार आदि टोकरी में लेकर कतार बद्ध हो दर्शन पूजन करते रहे इस दौरान मन्दिर परिसर हर महादेव के नारे से गुंजायमान रहा ।वही चित्रसेनपुर गांव स्थित श्री बंम भोलवा मन्दिर व छतेरी मानापुर गांव स्थित श्री मानेश्वर मन्दिर में सुबह से श्रद्धालु भक्तो की लम्बी कतार लगी रही भक्त बारी बारी से दर्शन पूजन करते रहे ।इस दौरान बंगलाचट्टी स्थित शिव मंदिर पर आदेश त्रिपाठी, मुकुल पाठक, निहाल सेठ, निखिल सेठ, अभिषेक उपाध्याय, आर्यन त्रिपाठी, सोनू प्रजापति, प्रकाश कुमार समेत दर्जनों भक्त मौजूद रहे।

# 212 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के कुशल दिशा-निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद मुख्यालय स्थित शेखर मैरेज लॉन बड़गो में 212 जोड़ों का विवाह धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार सकुशल सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह में दाम्पत्य सूत्र में बधने वाले नवयुगलों को लैगिंक समानता की शपथ भी दिलाई गयी।

इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी, विधायक मेंहदावल अनिल त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी सहित सभी अतिथियों ने नवदम्पत्तियों को अशीर्वाद देते हुए सुखद वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की।

विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारीगण, मीडिया बन्धु सहित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अभिभावकगण वर-वधू एवं सम्मानिक आगन्तुकगणों का हार्दिक स्वागत करते हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम के भव्य आयोजन पर सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आज बिना किसी जाति धर्म के भेदभाव से हर गरीब के बेटियों की शादी सम्पन्न करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे पहले हमारा गरीब परिवार बेटी के पैदा होने पर उसके विवाह, शिक्षा एवं स्वास्थ्य को लेकर चिन्तित रहता था आज उसकी सभी चिन्ताओं को दूर करते हुए तथा बेटियों की आकान्क्षाओं को पूरी करने की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा बेटी पैदा होने से लेकर शादी होने तक की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वंय वहन कर रही है। उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के चौमुखी विकास की सराहना करते हुए कहा कि हमारा देश हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा और देश के नागरिकों को समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बिचौलियों के माध्यम से सीधा लाभार्थी तक पहॅच रहा है। विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी ने इस अवसर पर सभी का आभार व्यक्त किया तथा नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद एवं उनके सुखद दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जरुरतमंदों का जीवन स्तर बेहतर बनाने के लिये निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे गरीब परिवारों के लड़के-लड़कियों की शादी करवाना है जो शादी का खर्च स्वंय नही उठा सकते। उन्होंने बताया कि यह योजना मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा गरीब लड़कियों की शादी के लिये सबसे अच्छी पहल है और अब कोई भी गरीब परिवार अपने लड़की की शादी को लेकर खुद पर बोझ नही महसूस करेगा, क्योकि इसमें शादी का पूरा खर्चा प्रदेश सरकार उठाती है।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम समारोह में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी ने कार्यक्रम में पधारे सभी वर पक्ष, वधू पक्ष एवं उनके संबंधियों का हार्दिक स्वागत करते हुए विवाह सूत्र में बधने वाले सभी नवयुगलो को उनके सफल वैवाहिक जीवन का आशीर्वचन दिया। उन्होंने बताया कि आज सम्पन्न इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद के कुल 212 जोड़ो का जिसमें 207 जोड़ों का हिन्दु धर्म की परम्परा एवं धार्मिक रीति रिवाज के साथ गायत्री परिवार के विद्वान आचार्य/पंडितों के द्वारा सम्पन्न कराया गया तथा 05 जोड़े का मुस्लिम धर्म की परम्परा के अनुसार मौलवी/काजी द्वारा निकाह कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में उपहार स्वरूप लड़की के खातें में रुपए 35 हजार धनराशि सहित पायल, विछिया, वर्तन सेट, वर-वधू को कपड़ा, अटैची, गैस चूल्हा इत्यादि के अलावा वन विभाग द्वारा एक-एक आम का पौधा भी दिया गया।



## खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर पनीर, दुग्ध, का नमूना लेने के साथ मीट विक्रेता को दिया नोटिस

वेलकम इंडिया

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा के दिशा निर्देश पर जिले में खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग की टीम के द्वारा आगामी माहे रमजान के मद्देनजर खाद्य पदार्थों में मिलावट खोरी पर अंकुश लगाने को लेकर चलाए जा रहे। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा दुग्ध,पनीर, का नमूना संग्रहित करने के साथ मीट विक्रेता के यहां साफ सफाई का अभाव मिलने पर नोटिस जारी किया।

आपको बता दें कि आगामी माहे रमजान के मद्देनजर जनपद में खाद्य पदार्थों में मिलावट खोरी करने वालों पर शिकंजा करने को लेकर खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग के द्वारा चलाए जा रहे। अभियान के तहत खाद्य निरीक्षक शोविन्दर सिंह के द्वारा बक्सर में स्थित पाल डेरी से पनीर एवं पाल डेरी पर दुग्ध लेकर आने वाले एक दूधिया चंदा का दुग्ध नमूना संग्रहित किया गया। इसके अतिरिक्त सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुर में मीट विक्रेता एहतेशाम उर्फ असलम को नोटिस दिया गया है। वहीं क्षेत्र में की गई कार्यवाही को लेकर खाद्य निरीक्षक शोविन्दर सिंह का कहना है कि कस्बा बक्सर में पाल डेरी से पनीर और उसके यहां पर दुग्ध लेकर आने वाले एक दूधिया का दूध का नमूना संग्रहित किया गया है। और गांव मुरादपुर में मीट विक्रेता को नोटिस जारी किया गया है। संग्रहित किए गए दोनों नमूनों को राजकीय लैब भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने पर विधिक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद प्र0नि0 पंकज कुमार पाण्डेय, व0उ0नि0 राजेश कुमार दुबे, उ0नि0 इल्ताफ खान, हे0का0 पप्पू सिंह, हे0का0 धर्मेन्द्र कुमार, हे0का0 कलीमुद्दीन खाँ, का0 रंजन राजभर, का0 अरूण कुमार, का0 विशाल सिंह ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्तगण नाजिम खान पुत्र साकिर अली साकिन भरपुरवा, सलमान अंसारी पुत्र नाजिम अली निवासी मिया मंझरिया, रामरतन यादव उर्फ भुवर यादव पुत्र माता प्रसाद यादव उर्फ झिनक यादव निवासी ग्राम भैंसहिया थाना कोतवाली खलीलाबाद को बृहस्पतिवार को बंगलाताल चौराहा से एक अदद हाकी, एक अदद बेसबाल बैट, एक अदद लकडी का डण्डा, घटना में प्रयुक्त एक अदद चार पहिया वाहन स्कार्पियों सं0 वढ82श9930 गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## धूमधाम से निकाली महादेव की शोभायात्रा



वेलकम इंडिया

**मथुरा/छाता।** शिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में महादेव की शोभायात्रा निकाली गई। जो प्राचीन रत्नेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर सब्जी मंडी, शेरगढ़ रोड, रेलवे स्टेशन रोड, गोवर्धन चौराहा, डाक बंगला, पुरानी तहसील मैन बाजार होती हुई रत्नेश्वर महादेव पर समापन हुई। जिसमें नंदी पर सवार होकर सभी नगर वासियों को बाबा भोलेनाथ पार्वती जी के साथ दर्शन दिए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए बृज पीठाधीश्वर कृष्णानंद भट्ट जी महाराज द्वारा भगवान शिव पार्वती आरती की गई। शोभायात्रा में बैंड बाजे के साथ विभिन्न प्रकार की भोले नाथ के भूत प्रेत अघोरी के रूप में झांकियां भी शामिल हुई।

मंदिर सेवायत गौरव अविरल शास्त्री ने बताया प्रात काल बाबा रत्नेश्वर महादेव का पंचामृत विशेष सामग्री व महाकुंभ के जल से रुद्राभिषेक किया गया। ततपश्चात शोभायात्रा बड़ी ही धूमधाम से निकली जिसमें सैकड़ों महिला पुरुष भक्त जन सम्मिलित हुए कई स्थानों पर यात्रा पर पुष्प वर्ष कर स्वागत किया गया।

उपस्थित जनों में महेंद्र सोनी, धमेंद्र कुमार, भगवान दास गुप्ता, विष्णु गुप्ता, शुभम वार्ष्णेय, गगन वार्ष्णेय, मुकेश जादौन, पवन सोनी, निखिल वार्ष्णेय, अंकित वार्ष्णेय, गौरव गुप्ता, वार्ष्णेय गुप्ता, टोनी गुप्ता, चेतन कृष्ण, सौरभ शर्मा आदि सैकड़ों भक्त रहे।

# केएम के पहला वार्षिकोत्सव कृदय-2025 में पहुंचेंगे केन्द्रीय राज्यमंत्री सहित अन्य विधायक

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय अपना पहला वार्षिकोत्सव कृदय 2025 के रूप में 24 फरवरी से 2 मार्च2025 के बीच में मना रहा है। जिसमें मेडीकल के यूजी-पीजी डाक्टर्स, अन्य कोसर्स के छात्र-छात्राएं खेलकूद, साहित्य, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। वार्षिकोत्सव में 01 मार्च और 02 मार्च को प्रसिद्ध गायक अजय हुड्डा और खुशी वालियान, हेमंत ब्रजवासी अपनी आवाज व डांस से छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करेंगे। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी बघेल और विधायक श्रीकांत शर्मा होंगे। जिसको लेकर आज केएम विश्वविद्यालय के सभागार में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया।

विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी के निदेर्शानुसार पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने बताया कि यह केएम का पहला वार्षिकोत्सव कृदय-2025 है, विवि में अध्ययरत मेडीकल छात्र व अन्य कोर्सस के छात्रों की प्रतिभा को और निखारने के लिए खेलकूद प्रतियोगिता, साहित्य, भारतीय संस्कृति की कला और रचनात्मक जेसे कार्यकमों का आयोजन कृदय 2025 में किया गया है। इन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के तीन हजार छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर रहे है। 01 मार्च के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मथुरा के माननीय विधायक श्री श्रीकांत शर्मा और 02 मार्च के मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, पंचायती राज एवं मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय प्रो. एस.पी. सिंह बघेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करके आए विजेताओं को पुरूस्कृत करेंगे।

विवि के प्रतिकुलपति श्री डा. शरद अग्रवाल ने बताया कि कृदय 2025 के आयोजन में खेल, लिटररी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए फैकल्टी के सभी सदस्य और प्रतिभागी स्टूडेंट भारतीय संस्कृति के विभिन्न रूप अपनी कला का प्रदर्शन किया जाएगा। जिसको लेकर कृदय 2025 के भव्य आयोजन का शुभारंभ 01 मार्च को मुख्य अतिथि मथुरा-वृंदावन के माननय विधायक एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा करेंगे, जबकि दूसरे दिन 02 मार्च के कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, पंचायती राज एवं मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय प्रो. एस.पी. सिंह बघेल करेंगे। दोनों ही दिन मुख्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण पत्र विजयी प्रतिभागियों को वितरित किए जाएंगे।

केएम विवि के कुलसचिव श्री डा. पूरन सिंह ने बताया कि ह्यकृदय 2025ह्ण महोत्सव के विशिष्ट अतिथि के रूप में 01 मार्च को जिलाधिकारी श्रीमान चन्द्र प्रकाश सिंह, पुलिस महानिदेशक आगरा डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमान शैलेश कुमार पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमान मनीष मीना, विकास प्राधिकरण के बीसी श्रीमान श्याम बहादुर सिंह, नगर आयुक्त श्रीमान शशांक चौधरी होंगे। जबकि 02 मार्च को महोत्सव के विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय गोवर्धन विधायक श्री ठाकुर मेघश्याम सिंह, बलदेव के माननीय विधायक श्री डा. पूरन प्रकाश, माननीय एमएलसी श्री ओमप्रकाश शर्मा, माननीय मथुरा वृंदावन महापौर श्री विनोद अग्रवाल होंगे।

मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने बताया छात्र-छात्राओं के मानसिक विकास और मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से यह वाषिर्कोत्सव मनाया जा रहा है, 01 मार्च की शाम प्रसिद्ध गायक अजय हुड्डा व गायिका खुशी वालियान अपनी आवाज से सभी छात्रों का उत्साहवर्धन करेंगे तथा 02 मार्च की देरशाम कृदय-2025 के समापन अवसर पर ब्रज का लाडला प्रसिद्ध गायक हेमंत ब्रजवासी अपनी आवाज से सभी को अपनी ओर आकर्षित करेंगे। आप सभी से अनुरोध है कि कृदय-2025 वार्षिकोत्सव में पधारकर भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित कार्यक्रम का हिस्सा बनकर एवं कवरेज देकर हमारा सहयोग करें। पत्रकारवार्ता में मुख्य रूप से विवि के कुलपति, प्रतिकुलपति, कुलसचिव और मेडीकल प्राचार्य रहे मौजूद

# जिलाधिकारी की बैठक में अनुपस्थित अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को कारण बताओ नोटिस जारी

वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पिछली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के अनुपालन आख्या के सम्बन्ध में प्रान्तीय खण्ड के अधिशासी अभियन्ता ओपी चौरसिया से जानकारी ली तो वह स्पष्ट जवाब नही दे पाये जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रान्तीय खण्ड के अधिशासी अभियन्ता को चेतावनी जारी करते हुये कहा कि अगली बैठक में जो भी महत्वपूर्ण बिन्दु है उसकी अनुपालन आख्या के साथ बैठक में प्रतिभाग करें। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अनुंपस्थित पाये गये जिस पर जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित एवं कम करने के लिये सड़क सुरक्षा के नियमों का सभी से कड़ाई से अनुपालन करायें एवं लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। जनवरी एवं फरवरी में जो भी सड़क दुर्घटनाएं हुई है उनका पुनः विश्लेषण कर मौके पर जाकर निरीक्षण कर अवगत कराया जाये। उन्होने कहा कि यदि सड़क क्षतिग्रस्त होती है तो संबंधित विभाग द्वारा उसे ठीक कराया जाए। जिलाधिकारी ने प्रभारी यातायात को निर्देशित किया कि चौराहों पर चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें, जो भी कार्रवाई की जाए गहनता से चेकिंग कर किया जाए। गाड़ी की कन्डीशन के अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये। नो एंट्री के जो भी अनुपालन है उसे शत प्रतिशत करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया की सड़कों के निर्माण के दौरान जो भी सेफ्टी पॉइंट है मानक के अनुसार किया जाए यदि मानक के अनुसार नहीं होता है और दुर्घटना किसी प्रकार की घटित होती है तो संबंधित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क के जो भी मुख्य मार्ग हैं वहां पर लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और सड़क के मुख्य मार्गों के किनारे के अवैध अतिक्रमण को हटवाया जाए जिससे जाम की स्थिति न उत्पन्न हो और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि एक हफ्ते में तीन पार्किंग स्थल चिन्हित कर अवगत कराया जाए। उन्होने निर्देशित किया कि एक्सप्रेसवे की सड़कों की साफ-सफाई सम्बन्धित एनएच द्वारा करायी जाये और जो भी पौधे रोपित की जाये उसकी देखभाल भी सुनिश्चित करायें। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनायी गयी सड़कों की साफ-सफाई सम्बन्धित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी द्वारा करायी जाये। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने बैठक में सड़क सुरक्षा के प्रति अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# श्री प्रागगिरी शिवालय मन्दिर में महाशिवरात्रि पर दो दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया: बजरंग गर्ग



वेलकम इन्डिया

**हरियाणा /हिसार।** श्री प्रागगिरि शिवालय मन्दिर में महाशिवरात्रि पर सारी रात पूजा-पाठ व कीर्तन का भव्य कार्यक्रम मन्दिर के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग के नेतृत्व में हुआ और शिवालय मंदिर को लाईटों और फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया। आज महाशिवरात्रि के उपलक्ष में 101 ब्रह्मामणों का भोज कराया गया है। महाशिवरात्रि में व्रत होने के कारण अगले दिन भी विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बजरंग गर्ग ने उपस्थित धर्मप्रेमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्री प्रागगिरी शिवालय मन्दिर में महाशिवरात्रि पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें हजारों धर्मप्रेमियों ने शिवालय मन्दिर में पूजा-पाठ किया। बजरंग गर्ग ने कहा कि भजन सम्राट मोहन तनेजा द्वारा देर रात तक भगवान शिव भोले के भजनों से दर्शकों का मन मोह लिया और भोले नाथ की शादी के भजन पर महिला-पुरुष काफी देर तक झूमते रहे।

इस अवसर पर सह सचिव ओम प्रकाश असीजा, कोषाध्यक्ष सतपाल असीजा, सचिव सुरेंद्र सिंगला, प्रिंसिपल सत्येंद्र गोयल, किशन लाल बगड़ी, जगत नारायण, गुलशन महाजन, जगदीश प्रधान, रमेश पटवारी, दिनेश सैनी आदि प्रतिनिधियों ने विचार रखें।

# तेंदुए की दहशत के साए में सांस ले रहे हरनाथपुर कोटा, धनावली अट्टा के ग्रामीण



**हापुड़।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो, वायरल वीडियो में जंगलों में तेंदुआ नजर आ रहा हैं।वायरल वीडियो के बारे में दावा किया जा रहा है कि वीडियो बीती रात कोटा हरनाथपुर और धनावली अट्टा गांव के मार्ग की हैं। जिसको लेकर हरनाथपुर कोटा, धनावली अट्टा के लोग जंगल जाने के साथ दहशत के साए में सांस ले रहे हैं। वीडियो रात में कार सवारों के द्वारा बनाई हैं। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र के लोगों में दहशत व्याप्त है। वायरल वीडियो बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांवों की बताई जा रही है सूत्र।

# चेकिंग के दौरान मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार



**कांधला।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए मादक पदार्थ तस्कर के कब्जे से मादक पदार्थ बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। बुधवार की शाम को कस्बा इंचार्ज नरेंद्र वर्मा कस्बे के पूर्वी यमुना नहर पटरी पर संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने संदिग्ध युवक को रोककर युवक की तलाशी ली तो पकड़े गए युवक के कब्जे से 100 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए मादक पदार्थ तस्कर ने अपना नाम गुलाब निवासी अशराफाबाद थल थाना रमाला जनपद बागपत बताया है। पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पकड़े गए मादक पदार्थ तस्कर पर आधा दर्जन से भी अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। मादक पदार्थ तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# आनंदा ने रचा इतिहास : गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** पिलखुवा नई दिल्ली, भारत की प्रतिष्ठित डेयरी ब्रांड आनंदा ने अपने उत्कृष्टता और नवाचार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्सट्ठ? में अपना नाम दर्ज करा लिया है। आनंदा ने 205.4 किलोग्राम वजनी दुनिया का सबसे बड़ा पनीर स्लैब बनाकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।यह रिकॉर्ड न केवल आकार की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह गुणवत्ता, स्वच्छता और शुद्धता के उच्चतम मानकों पर भी खरा उतरा है। 100% शुद्ध दूध से तैयार इस पनीर स्लैब को कड़े स्वच्छता मानकों के साथ बनाया गया, जो आनंदा की गुणवत्ता और उपभोक्ता प्रतिबद्धता का प्रमाण है।आनंदा की प्रतिबद्धता झ शुद्धता और नवाचार का संगम इस उपलब्धि पर आनंदा डेयरी के चेयरमैन और फाउंडर डॉ. राधे श्याम दीक्षित ने कहाः

ऱ्हम हमेशा डेयरी उत्कृष्टता की सीमाओं को आगे बढ़ाने में विश्वास रखते हैं। यह उपलब्धि केवल एक रिकॉर्ड बनाने के बारे में नहीं है, बल्कि यह आनंदा की शुद्धता और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता का उत्सव भी है, जिसे हम पूरे विश्व के साथ साझा करना चाहते हैं।ऱउपभोक्ताओं के लिए गर्व का क्षण गृहिणियों के लिए झ यह आश्वासन कि वे जो कुछ भी अपने परिवार को परोसती हैं, वह विशेष देखभाल और विशेषज्ञता के साथ बनाया गया है।ग्रोसरी दुकानदारों के लिए झ यह आनंदा के उत्पादों को स्टॉक करने का एक और ठोस कारण है, क्योंकि उपभोक्ता हमेशा गुणवत्ता और विश्वसनीयता वाले ब्रांड्स की ओर आकर्षित होते हैं।डेयरी टेक्नीशियनों के लिए झ यह आनंदा की अग्रणी सोच और उद्योग में नए मानक स्थापित करने की क्षमता को दर्शाता है।

आनंदा ने इस विशाल पनीर स्लैब को ठऋडर और सामुदायिक रसोई में वितरित कर इस ऐतिहासिक उपलब्धि को एक मिशन में बदल दिया। यह रिकॉर्ड सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि समाज की सेवा करने और जरूरतमंदों तक पोषण पहुंचाने का भी प्रतीक है।

दुनिया का सबसे बड़ा पनीर स्लैब झ 205.4 किलोग्राम उपलब्धि से मिशन तक झ सेवा और शुद्धता का संगमआनंदा ने यह साबित कर दिया है कि शुद्धता केवल एक वादा नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका है। यह रिकॉर्ड आनंदा की पनीर पायनियरिंग यात्रा का एक और ऐतिहासिक पड़ाव है।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में आसमाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू के उच्च प्राथमिक विद्यालय में आसामाजिक तत्वों ने घुसकर ताले तोड़ने का प्रयास किया एवं तोड़फोड़ करते हुए फर्नीचर के समान को क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में प्रधानाध्यापक एवं ग्राम प्रधान पति ने थाने पहुंच कर कार्रवाई की मांग की है।

गुरुवार को ग्राम पंचायत गंगेरू प्रधान पति राशिद जंग, एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मीर हसन ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गत 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व होने के कारण अवकाश घोषित किया गया था। जिस कारण गंगेरू उच्च प्राथमिक विद्यालय में छुट्टी रहने के कारण प्राथमिक विद्यालय में ताले लगे हुए थे।

आरोप है की आसामाजिक तत्वों ने विद्यालय में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए ताले तोड़ने का प्रयास किया। और आसामाजिक तत्वों ने फर्नीचर एवं कई दरवाजो को क्षतिग्रस्त कर दिया। पूर्व में भी आसामाजिक तत्वों ने विद्यालय में घुसकर कई बार तोड़फोड़ की है। इस दौरान कार्रवाई की मांग करते हुए एक शिकायती पत्र थाने पर दिया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए आसामाजिक तत्वों की तलाश शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री विवाह योजना का अनुचित लाभ प्राप्त करने वाली तीन बहन गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फजीर्वाड़ा कर योजना का अनुचित लाभ प्राप्त करने वाली तीन सगी बहनों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया।जिन्हें न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

ज्ञात हो कि 2023 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम के आयोजन में उपस्थित होकर नगर की तीन सगी बहनों आफरीन जहाँ, शमा परवीन एवं नाजरीन जहाँ द्वारा शादी रचाई गयी थी।आरोप है कि आफरीन जहां ने अपनी माता वास्तविक नाम नाजमा बेगम के स्थान पर जायदा, शमा परवीन ने हसीना तथा नाजरीन जहां ने जैनब दशार्ते हुए आवेदन किया था। जिसके क्रम में 05 दिसम्बर 2023 को जनपद मुख्यालय पर सम्पन्न हुए सामुहिक विवाह कार्यक्रम में आफरीन जहाँ का विवाह नावेद पुत्र असगर अली निवासी ग्राम इमरता खेमपुर स्वार जनपद रामपुर व शमा परवीन का विवाह तहब्बर पुत्र बदलू सिंह निवासी अजयपुर सैजनी नानकार रामपुर तथा नाजरीन जहाँ का विवाह मौ० यासीन पुत्र मौ० हनीफ निवासी कुण्डा मिस्सरवाला उधमसिंह नगर के साथ सम्पन्न हुआ तथा तीनों बहनों द्वारा मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना का लाभ प्राप्त किया गया।

मामले की शिकायत नगर के मोहल्ला नवाबपुरा निवासी अहमद नबी पुत्र मौहम्मद नबी द्वारा जिलाधिकारी से की गई।जिसके बाद तीनों बहनें विवाह करने से ही इंकार करने लगीं।शिकायत की जाँच अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद टाण्डा द्वारा करते हुए पाया कि आवेदिका आफरीन जहाँ, शमा परवीन एवं नाजरीन जहाँ तीनों सगी बहनें हैं और उनकी माता का नाम नाजमा बेगम है।परन्तु तीनों बहनों ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आवेदन पत्र में अपनी माता का नामा अलग-अलग अंकित कर धोखाधड़ी से कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर सरकारी धन का अनुचित लाभ प्राप्त किया।

इस सम्बन्ध में ईओ पुनीत कुमार ने तीनों बहनों आफरीन जहाँ, शमा परवीन एंव नाजरीन जहाँ पुत्रीगण अब्दुल नबी निवासी मोहल्ला मनिहारान कस्बा टाण्डा के विरूद्ध 13 फरवरी को मुकदमा पंजीकृत कराया गया।जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक अफजाल अहमद द्वारा सम्पादित की जा रही है।विवेचना के दौरान सह-अभियुक्तगण इरफान पुत्र मौहब्बे अली, मुबारक अली पुत्र असगर अली निवासी ग्राम भाऊपुरा थाना टाण्डा, रामपुर के नाम भी प्रकाश में आये।

बृहस्पतिवार को पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त मामले में वांछित तीनों बहनों आफरीन जहां, शमा परवीन एवं नाजरीन जहां को स्थानीय तहसील के समाने से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने इनके पास से आधार कार्ड, राशन कार्ड, हाईस्कूल /इण्टरमीडिएट परीक्षा के अंक पत्रों व फर्जी माता के नाम सहित किये गये विवाह आवेदन व विवाह प्रमाण पत्र की छायाप्रति भी बरामद की हैं।पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद तीनों आरोपियों का चालान कर दिया।तफ्तीश के दौरान प्रकाश में आए दो अभियुक्तों इरफान पुत्र मौहब्बे अली व मुबारक अली पुत्र असगर अली निवासी ग्राम भाऊपुरा थाना टाण्डा अभी फरार हैं।पुलिस का कहना है कि फरार अभियुक्तों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिहं, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सतराज सिहं, उपनिरीक्षक अफजाल अहमद, महिला उपनिरीक्षक आराधना तोमर, महिला हेड कांस्टेबल नीतू चौहान व कांस्टेबल अंकित कुमार शामिल रहे।

# दो युवकों पर युवती के अश्लील फोटो वायरल करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दो युवकों पर उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और पीड़िता की पुत्री के अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर शिकायत की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर शिकायत करते हुए बताया कि क्षेत्र के गांव नानू पुरी निवासी हैप्पी पुत्र रामपाल व हिमांशु पुत्र मोहनलाल पीड़िता की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गए थे। पीड़िता का आरोप है कि उस समय तो पीड़िता समाज में बदनामगी की वजह से चुप रही। पीड़िता का आरोप है कि दोनों युवक पीड़िता की पुत्री के अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। समझाने के बाद भी दोनों युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। पीड़िता ने थाने पर शिकायत करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# पुलिस ने समस्त थानों पर खड़े 302 वाहनों की नीलामी से वसूला साढ़े 32 लाख 600 रुपये का शम्मन शुल्क

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** पुलिस महानिदेशक लखनऊ उ०प्र० द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऱआपरेशन क्लीनऱ के क्रम में पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानो पर मुकदमों में दाखिल वाहनों का यथाशीघ्र नियमानुसार निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में थाना हाथरस गेट पर लावारिस 101 वाहनों की नीलामी से आठ लाख 50 हजार रुपये, सादाबाद थाने में 34 वाहनों से एक लाख 42 हजार, हसायन थाने में 11 वाहनों की 63 हजार, थाना हाथरस जंक्शन पर 45 वाहनों की पांच लाख 24 हजार, सिकदंराराऊ थाने में 92 वाहनों की 15 लाख 23 हजार 600, सहपऊ थाने में पांच वाहनों की 25 हजार, मुरसान थाने में 14 वाहनों की 1 लाख 23 हजार रुपये में नीलामी की गई। इस प्रकार कुल 302 वाहनों से 32 लाख पचास हजार 600 रुपये का शम्मन शुल्क बसूला गया।

पुलिस ने स्पेशल लीव पिटीशन (क्रिमनल) संख्या 2745 व 2755/2002 सुंदर भाई अम्बालाल देसाई बनाम गुजरात राज्य व सीएम मुदालियर बनाम गुजरात राज्य आल इंडिया रिपोर्टर 2003 सुप्रीम कोर्ट 638 के आदेश के क्रम में चलाये गये वाहनों के निस्तारण अभियान ऱऑपरेशन क्लीनऱ के अंतर्गत की गयी कार्यवाही का विवरण दिया गया है।

# शाहजहांपुर में अत्याधुनिक सुविधा युक्त किडजी प्ले स्कूल का उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर स्थित राजधानी नर्सरी के पास खेल खेल में पढ़ाई के विकल्प के रूप में किडजी प्ले स्कूल का शुभारंभ किया गया। स्कूल का उदघाटन चेयरमैन वसी उर्र रहमान व तबारक उल्ला खान तथा थाना किठौर पुलिस स्टॉफ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रोग्राम के विशिष्ट अतिथि किडजी क्लस्टर हेड प्रताप चौहान तथा एकेडमिक मैनेजर सपना तेवतिया रही। सम्मानित अतिथि चेयरमैन वसी उर्र रहमानडॉक्टर युसूफ खानडॉक्टर अनिल मोरल मास्टर महेंद्र उर्फ गुड्डू व तबारक उल्ला खान अतहर खान तथा ताहिर खानरहें।

प्रोग्राम का संचालन महरे आलम खान ने किया सभा को संबोधित करते हुए महरे आलम खान ने बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए मेंटल हेल्थ टिप्स और फिटनेस फामूर्ला साझा किये श्री खान ने कहा कि छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का मजबूत होना जरूरी है किडजी क्लस्टर हेड प्रताप चौहान ने सभा को संबोधित कर कहा कि किडजी प्ले स्कूल एक कांसेप्ट है बच्चों का बेस अच्छा होगा तभी वह अच्छा करेंगे छोटे-छोटे बच्चों को खेल-खेल में किताबी शिक्षा देना किडजी स्कूल का उद्देश्य होता है। पूर्व चेयरपर्सन पति तबाराकुल्लाह खान ने संबोधित करते हुए कहा कि किडजी प्ले स्कूल कस्बे के बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाकर उनके अच्छे भविष्य की नीव मजबूत करने की अपील की। पूर्व प्रत्याशी नगर पंचायत शाहजहांपुर सिकंदर बख्त खान ने अभिभावकों को अपने संबोधन में बताया कि जब हमारे क्षेत्र में प्ले स्कूल की सुविधा नहीं थी तब में आपने बेटे को सभी काम छोड़कर 30 किलोमीटर दूर मेरठ शिक्षा ग्रहण कराने लेकर जाता था आज हमारा सौभाग्य है कि किडजी प्ले स्कूल की हमे सौगात मिली है जिसका हमें बरसो से इंतजार था।

## प्री प्राइमरी शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास करना हमारा लक्ष्य: किडजी (डायरेक्टर)

किडजी शाखा शाहजहांपुर के डायरेक्टर शोएब खान व डॉक्टर अजमल हुसैन ने बताया कि नौनीहालों को मनोरंजन माहौल के बीच बेहतरीन और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा उनको बुनियादी तौर पर मजबूत करने के उद्देश्य से स्कूल का शुभारंभ किया गया है भारत में किडजी प्ले स्कूल संस्थान की लोकप्रियता दिन–ब–दिन बढ़ती जा रही है इसी कारण अत्याधुनिक सुविधाओं युक्त माहौल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ उनकी संपूर्ण देखरेख की बदौलत अभिभावकों के दिल में किडजी संस्थान के प्रति एक अनूठा रिश्ता बन रहा है जिसका प्रमाण आज हिंदुस्तान में किडजी की 2500 से अधिक शाखाएं फैली हुई हैं ।इस मौके पर गुड्डू खान.आबिद खा. राशिद कल्लन. मुहीब अहसन. जुबिन खान. मुन्ने खा. आशु मूलचंद.वसी खान. मंसूर खान. नजम खान. रफीक खान. शाहिद इस्लाम खान. तालिब इस्लाम खान. सेतु कंसल. आदि लोग उपस्थित रहे। प्रोग्राम को सफल बनाने में किडजी स्कूल की प्रधान अध्यापक आयुषी गोयल व समस्त स्टाफ की अहम भूमिका रही

# कांधला में धूमधाम के साथ निकाली गई शिव बारात शोभा यात्रा

वेलकम इंडिया



**कांधला।** नगर में महाशिवरात्रि पर विशाल शिव बरात धूमधाम के साथ निकाली गई। भव्य शोभायात्रा में बैंडबाजे और सुंदर आकर्षक झांकियां शामिल रही। कस्बे में जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

गुरुवार को कस्बे के पूर्वी यमुना नहर स्थित सिद्ध पीठ मनकामेश्वर महादेव एव दुर्गा मंदिर समिति तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर भगवान शिवबारात का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा का दोपहर के समय पूर्व कैबिनेट मंत्री व भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शिव बारात शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के भृमण के लिये निकली। शोभा यात्रा मंदिर परिसर प्रारम्भ होकर मोहल्ला गुजरान, रायजादगान, जामा मस्जिद, मेन बाजार, जैन स्थानक, जैन मंदिर, सहित मुख्यमार्गों से होती हुई मंदिर स्थल पर जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा का नगर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में भगवान गणेश, माता दुर्गा, , राम, लक्ष्मण, हनुमान सहित दर्जनों सुंदर-आकर्षक झाकियां शामिल रहीं। भगवान भोलेनाथ का मुख्य विमान की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में बैंड व डीजों पर भगवान शिव का गुणगान कर वतावरण शिवमय बना दिया। इस दौरान विपिन, सचिन गोयल, भीम, वरुण जैन, मयंक जैन, विष्णु प्रकाश अग्रवाल, गुलशन खन्ना, अंकुर अग्रवाल, मोहनलाल चावला, शरद मित्तल, वरुण जैन दर्जनो लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।

## किराए पर ली जगह, वाहन चुराते रहे और यहां रखते रहे

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को चेकिंग में गिरफ्तार किया। इनकी निशानदेही पर बाइक और कारें बरामद की गईं। इनके फरार साथियों की तलाश की जा रही है। मंसूरपुर पुलिस और एसओजी टीम ने वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। यह गिरोह दिल्ली व एनसीआर से वाहन चोरी करता है। चुराए वाहन मंसूरपुर क्षेत्र में कीया कंपनी के शोरूम के सामने किराए पर लिए अहाते में खड़े किए थे। तीन कार, दो बुलेट बाइक, दो तमंचे बरामद किए। फर्जी पेपर तैयार कराकर दूसरे राज्य से वाहनों को रजिस्टर्ड कराकर बेचते थे। पुलिस लाइन सभागार में एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने बताया कि मंसूरपुर पुलिस व एसओटी टीम ने लच्छेडा के अंडर पास के पास से लग्जरी कार में सवार दो युवकों जामिया नगर खालापार के मूल निवासी वर्तमान में नई दिल्ली के जामिया नगर ओखला एक्सटेंशन जोगाबाई क्षेत्र में रहने वाले फिरोज व उसके साथी खालापार के मूल निवासी वर्तमान में लक्खीपुरा लिसाड़ी गेट मेरठ में रहने वाले अरशद उर्फ बोबा को गिरफ्तार किया। इनसे दो तमंचे भी बरामद हुए। चेकिंग के दौरान ये लोग कार के कागजात नहीं दिखा सके। पूछताछ में कार चोरी की होना सामने आया।

# शिव महापुराण कथा में भगवान गणेश की के वृतांत का किया वर्णन



वेलकम इंडिया

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। बागपत शहर में प्रथम शिव महापुराण महायज्ञ के छठे दिवस प्रातः शिव पुराण पूजा के उपरांत भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। जिसमें प्रतिदिन की भांति आज भी मुख्य यजमान संजय प्रजापति कुलदीप भारद्वाज मनोज गोयल नरेश गुप्ता जगरेश प्रजापति मास्टर अरुण रहे। पूजा के उपरांत शाम को प्रसिद्ध कथा वाचक ईशान ज्योतिष गुरु आचार्य मनोज जोशी के मुखारविंद से फागुन मास में पहली बार शिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रथम शिव महापुराण महायज्ञ बागपत में भोलेनाथ का विधि-विधान से विवाह कराया गया। विवाह के बाद ब्राह्मणों द्वारा माता पार्वती को उपदेश दिए गए व श्री कार्तिक जी के जन्म के बारे में विस्तार से बताया। वही श्री कार्तिक जी के द्वारा तारकासुर का उद्धार किया गया। उसके उपरांत श्री गणेश जी के जन्म का वृतांत बहुत ही विस्तार से भक्तजनों को सुनाया। कथा में बागपत शहर के भक्तजन ब्रजमोहन भारद्वाज राजू चौहान डॉ नरेंद्र माधव गोपाल मोंटी चौहान सभासद विनोद कुमार शर्मा सभासद मणि बबली चौहान प्रधान जी रोहित दीपांशु सचिन बक्शी कमल जुनेजा मोनू दिवाकर रवि कश्यप गौरव कश्यप अंशुल शर्मा सुनील व बागपत के समस्त सनातन धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

## ढाबे में दूषित पानी ने आटा गूंथ रहा था कर्मचारी



वेलकम इंडिया

**कानपुर।** भौंती क्षेत्र के एक ढाबे में दूषित पानी से कर्मचारी द्वारा आटा गूंथने का वीडियो वायरल हो रहा है। मामले में एसआई के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कानपुर में सचेंडी नेशनल हाईवे-दो, भौंती में स्थित सागर ढाबा के मालिक व ढाबे में काम करने वाले कर्मचारी पर एसआई अजीत कुमार सिंह के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा लिखा गया है। बता दें कि 26 फरवरी को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति सागर ढाबा में काम के दौरान गंदा पानी मिलाकर आटा गूंथ रहा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। सचेंडी थाना में तैनात दरोगा ने ढाबा मालिक राम बहादुर सिंह उर्फ छुन्नू- मुन्नू और एक अज्ञात कर्मचारी के खिलाफ थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है। सचेंडी थाना प्रभारी ने बताया कि वीडियो वायरल हुआ है, मुकदमा लिख जांच की जा रही है। खाद्य पदार्थ में अपमिश्रण करके भोजन खिलाया जा रहा है।

# सीएम ग्रिड की ड्रोन से होगी फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने सीएम निर्माण कार्य की प्रत्येक सात दिन में ड्रोन से फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कार्यस्थल पर पूर्व की स्थिति और बाद की स्थिति की स्पष्ट फोटो तथा शॉर्ट क्लिप रिकॉर्ड में रखने के भी निर्देश दिए। नगरायुक्त ने सीएम ग्रिड सम्बंधी एक बैठक में कहा कि सीएम ग्रिड मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता वाली महत्वाकांक्षी योजना है, सभी अधिकारी पूरी विश्वसनीयता और समर्पण के साथ कार्य करें। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कार्य को मैन पावर बढ़ाकर तेजी से पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इससे पूर्व सीएम ग्रिड परियोजना की कंसल्टेंट एजेंसी एएनबी के लखनऊ से आये प्रतिनिधियों द्वारा सीएम ग्रिड पर रोड की चौड़ाई, फुटपाथ, इलेक्ट्रिकल डग्स, डिजाइन व सोसर ड्रेन आदि के सम्बंध में पावर प्वाइंट द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। कार्य की गुणवत्ता देख रही संस्था राइट्स और यूरिडा के अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। यूरिडा (अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट अथॉरिटी) के उप मुख्य कार्याधिकारी ए के श्रीवास्तव ने अधिकारियों से पूर्ण प्रमाणित रुप से योजना बनाकर कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि सभी विभागों से समन्वय बनाकर ये भी सुनिश्चित कर लें कि भविष्य या निकट भविष्य में कोई कार्य तो सीएम ग्रिड रोड पर प्रस्तावित नहीं है। बैठक में मुख्य अभियंता निर्माण बीके सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, महाप्रबंधक स्मार्ट सिटी दिनेश सिंघल, व परियोजना प्रबंधक जितेंद्र सिंह, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव, डीएवी कंस्ट्रक्शन के अरुण चौधरी आदि मौजूद रहे।

## गेंद निकालते समय तालाब में डूबा पांच साल का मासूम ...



वेलकम इंडिया

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी के मोहल्ला नूरगरियान निवासी हाजी अशरफ के दामाद तहसीन का इंतकाल हो गया था। उनकी बेटी अपने पांच साल के बेटे फरहान के साथ मायके में रह रही है। बुधवार को फरहान की मौत पर मां का रो-रोकर बुरा हाल था। पुरकाजी कस्बे में तालाब से गेंद निकालने के दौरान पांच साल का मासूम फरहान डूब गया। कई घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने बच्चे को निकाला। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कस्बे के मोहल्ला नूरगरियान निवासी हाजी अशरफ के दामाद तहसीन का निधन हो गया था। इसी वजह से उनकी बेटी अपने पांच साल के बेटे फरहान के साथ मायके में रह रही है। बुधवार को फरहान दोपहर करीब 12 बजे मोहल्ले के बच्चों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। इसी दौरान उनकी गेंद पास की वाल्मीकि बस्ती स्थित तालाब में गिर गई। बच्चे तालाब से गेंद निकालने के लिए पहुंचे। फरहान ने जैसे ही गेंद को तालाब से निकालने का प्रयास किया तो उसका पैर फिसल गया और वह तालाब में गिर गया। पास खड़े बच्चों ने उसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन तालाब में करीब 15 फीट पानी होने के कारण मासूम डूब गया। बच्चों ने शोर मचाया तो परिजन और सैकड़ों लोग मौके पर जमा हो गए। तालाब में बच्चे की तलाश शुरू कर दी।

## मनचले को बीच बाजार में महिला ने 50 सेंकेंड में जड़े 14 थप्पड़



**कानपुर।** शहर में छेड़छाड़ से परेशान लोगों ने कमान खुद ही संभाल ली। अलग-अलग क्षेत्रों में हुई घटनाओं में लोगों ने जमकर शोहदों को धुन डाला। कानपुर में बेकनगंज क्षेत्र में बुधवार को एक महिला ने छेड़छाड़ करने पर एक युवक को बीच बाजार में जमकर पीटा। युवक लगातार खुद को बचाने की कोशिश करता रहा, लेकिन महिला के हाथ नहीं रुके। महिला ने युवक का कॉलर पकड़ा, फिर 50 सेकेंड में 14 थप्पड़ जड़ दिए। इस दौरान किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर पुलिस के अकाउंट को टैग करते हुए एक्स पर पोस्ट कर दिया। बेकनगंज बाजार में सुबह एक महिला गृहस्थी का कुछ सामान लेने के लिए आई हुई थी। इसी दौरान एक युवक ने उसे देखकर कुछ कमेंट्स किए। महिला ने पहले एक-दो बार उसकी टिप्पणी को अनसुना किया, लेकिन जब वह अपनी हरकत से बाज नहीं आया तो महिला ने युवक को बीच बाजार में दबोच लिया। घटना का वीडियो बुधवार को सामने आया। इसमें महिला युवक का कॉलर और बाल पकड़कर उसे एक के बाद एक थप्पड़ मारती दिख रही है। 50 सेकेंड के वीडियो में महिला ने आरोपी को 14 थप्पड़ जड़े और जमीन पर गिराकर पीटा। युवक वहां से बचते हुए भागता दिखाई दिया। वीडियो में युवक महिला के आगे गिड़गिड़ाता रहा। बाजार में आसपास खड़े लोगों से युवक छुड़वाने के लिए कहता रहा। एसीपी अनवरगंज अभिषेक राहुल ने बताया कि मामले में बजरिया निवासी अदनान को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में साउथ एक्स मॉल के पास बुधवार को एक शोहदे को लोगों ने दौड़ाकर पीट दिया। आरोप लगाया कि वो अक्सर इलाके की लड़कियों को कोचिंग या कॉलेज जाते समय पीछा करता था। छात्राओं ने इसकी शिकायत परिजनों से की थी। परिजनों का कहना था कि पुलिस नहीं सुनती, इसीलिए तो खुद ही आरोपी को सबक सिखाने का फैसला।

# विकास के पायदान चढ़ रहा सहारनपुर: महापौर

वेलकम इंडिया

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार व नगर विधायक राजीव गुंबर ने आज वार्ड 23 में बाबा मोती दास जी के आश्रम से नाला पटरी तक नगर निगम द्वारा बनायी जाने वाली सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस कार्य पर लगभग 15 लाख रुपये की लागत आयेगी।

महापौर डॉ. अजय कुमार एवं नगर विधायक राजीव गुंबर ने नारियल फोड़कर व सड़क पर गेंती मारकर सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य की शुरूआत की। महापौर डॉ. अजय कुमार ने इस अवसर पर कहा कि सहारनपुर यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में निरंतर विकास के पायदान चढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त सड़क व नाली निर्माण से क्षेत्र का न केवल विकास होगा अपितु लोगों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि शहर विकास के रथ पर सवार है। पिछले कुछ सालों में सहारनपुर का अतुलनीय विकास हुआ है। कार्यक्रम मे उपसभापति मुकेश गक्खड़, पार्षद के.के. बात्रा, मनोज प्रजापति, संजीव कंवल, पार्षद प्रतिनिधि परविंदर तोमर व नीरज दिवाकर, वरिष्ठ भाजपा नेता शीतल बिश्नोई व योग चुघ आदि मौजूद रहे।



## ज्वालेश्वर महादेव बाबा का भव्य श्रृंगार कर पूजन कार्यक्रम

**कानपुर।** श्री ज्वाला माता सेवा समिति के अध्यक्ष व जूना अखाड़ा प्रतिनिधि विजय कुमार ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि यहां पूजन करने से विशेष फल मिलता है और महादेव अपने भक्तों पर विशेष कृपा बरसाते हैं। कानपुर में महाशिवरात्रि के अवसर पर चमनगंज स्थित विराजमान प्राचीन मां ज्वाला माता के दरबार में कार्यक्रम हुआ। यहां ज्वालेश्वर महादेव बाबा का श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंत्र उच्चारण के साथ जल व दूध से बाबा का अभिषेक किया गया। महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुति दी। अंत में महाप्रसाद व ठंडाई का वितरण किया गया। साथ ही, जनकल्याण के लिए प्रार्थना की गई।

# गाजियाबाद में महिला आयोग की सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला ने की जनसुनवाई और योजनाओं की समीक्षा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की माननीय सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला ने लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस, नया बस अड्डा गाजियाबाद में जनपद के अधिकारियों के साथ परिचय बैठक की। इसके साथ ही महिला जनसुनवाई और संबंधित विभागों की योजनाओं की समीक्षा भी की गई।

बैठक में एडीसीपी क्राइम श्री सच्चिदानन्द, उप मुख्य चिकित्साधिकारी श्री अनुराग, बीएसए श्री ओपी यादव, जिला सूचना अधिकारी श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अपर पुलिस आयुक्त श्रीमती श्वेता, महिला थाना प्रभारी श्रीमती रितु सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। जनसुनवाई कार्यक्रम में कुल 19 महिलाओं की शिकायतें सुनी गईं। इनमें से 06 प्रकरणों में डॉ. मीनाक्षी भराला ने तुरंत विभागाध्यक्षों से वार्ता करके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। अन्य मामलों में संबंधित विभागों को त्वरित निस्तारण कर आख्या महिला आयोग, उत्तर प्रदेश लखनऊ को भेजने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के बाद डॉ. मीनाक्षी भराला ने ग्राम करहेड़ा के आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और बच्चों को पुष्टाहार वितरित किया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री मनोज कुमार पुष्कर भी उपस्थित रहे। डॉ. मीनाक्षी भराला ने अधिकारियों को महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। यह कार्यक्रम महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में महिला आयोग की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।



# मोदी कॉलेज के छात्रों ने राइज इन इंडिया 2025 मेगा एग्जिबिशन का शैक्षिक दौरा किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के छात्रों ने एच आर आइ टी दुहाई केंपस मे राइज इन इंडिया 2025 मेगा एग्जिबिशन का शैक्षिक दौरा किया। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद के अध्यापक राजीव वर्मा राहुल त्यागी मनोज कसाना , तरुण कौशिक और कक्षा 11 के 160 छात्रों ने इंजीनियरिंग कॉलेज में लगी प्रदर्शनी का दौरा किया। जिसमें उन्होंने बहुत सारी कंपनी की प्रोडक्ट्स के बारे में जानकारी ली। उसमें इसरो की कंपनी थी जिसमें जीएसएलवी और चंद्रयान 4 का प्रक्षेपण यान का डेमो बना हुआ था उसके बारे में जानकारी प्राप्त करी। दूसरी कंपनी एनटीपीसी में भी बच्चों ने न्यूक्लियर पावर स्टेशन के बारे में जानकारी प्राप्त करें कि न्यूक्लियर फ्यूजन कैसे होता है और कैसे एनर्जी का सदुपयोग करते हैं। उसके बाद उन्होंने आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथिक दवाइयां का कैसे प्रचार हो रहा है और किस तरह से सदुपयोग हो रहा है किस तरह के प्लांट इसमें हेल्प कर रहे हैं उनके बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और यह प्रधानमंत्री का मिशन भी है कि भारत हर्बल पौधों का खजाना है। यह एक तरह से हमारा हरा सोना है छात्रों ने अपना चेकअप भी कराया और डॉक्टर से मेडिसिन भी ली विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि छात्रों को इस प्रकार के शैक्षिक टूर से विभिन्न जानकारियां प्राप्त होती है । हमारा विद्यालय वर्ष भर में इस प्रकार के अनेक टूर बच्चों में प्रत्येक फील्ड की ज्ञान और जानकारी प्राप्त करने के लिए समय-समय पर दोरे कराए जाते रहे हैं। रसायन विज्ञान प्रवक्ता राजीव वर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में से बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए बहुत अच्छे रास्ते खुलेंगे और बच्चे ट्वेल्थ के बाद उत्कर्ष कंपनियों में जाने के रास्ते की जानकारी प्राप्त की।

## शादी समारोह में डांस को लेकर विवाद, कार चढ़ने से 7 युवक घायल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव अबूपुर स्थित एक फार्म हाउस के बाहर मंगलवार रात चढ़त पर डांस कर रहे युवकों पर कार चढ़ा दी गई। इससे सात युवक घायल हो गए। घायलों को मेरठ और दिल्ली के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में ले लिया है।

मोदीनगर के गांव काजमपुर निवासी सुरेंद्र कुमार ने अपनी भतीजी की शादी मेरठ के गांव किठौली निवासी एक युवक से तय की थी। उन्होंने शादी समारोह का इंतजाम दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव अबूपुर स्थित एक फार्म हाउस में किया था। मंगलवार रात में फार्म हाउस में बारात पहुंची। उसी के पास वाले फार्म हाउस में एक अन्य बारात लोनी से आई हुई थी। मेरठ के गांव किठौली से आई बारात की चढ़त हो रही थी। आरोप है कि चढ़त में दूसरी शादी में शामिल होने आए युवक डांस करने लगे।

# सकारात्मक या नकारात्मक विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई- सी द्वारा ₹छात्रों पर सोशल मीडिया का प्रभाव-सकारात्मक या नकारात्मक विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. पूनम शर्मा के निर्देशानुसार किया गया। शिविर का संचालन इकाई सी की कार्यक्रम अधिकारी राखी शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस की स्वयं सेविकाओं ने लक्ष्य गीत गाकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राकेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार इत्यादि, रहे। राकेश शर्मा ने अपने व्याख्यान में महाविद्यालय की छात्राओं को समझाया कि कैसे हम सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग करके अपने व्यक्तित्व एवं जीवन का स्तर सुधार सकतें हैं। गृह विज्ञान विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका डॉ राखी मित्तल ने छात्राओं को बताया कि सोशल मीडिया की बुरी लत को छोड़कर अगर हम सोशल मीडिया के सकारात्मक प्रभाव जैसे शैक्षणिक संसाधन एवं संचार सुविधा तकनीक को दिमाग में रखते हुए उसके ऊपर अमल करें तो शायद हम इस मीडिया के नकारात्मक प्रभाव से बच सकते हैं । एमएससी फूड एंड न्यूट्रिशन की शिक्षिका डॉ इशा सचदेवा ने छात्राओं को सचेत किया कि हम अपनी व्यक्तिगत सूचनाओं को सोशल मीडिया पर डालकर अपनी ही हाथों अपना नुकसान करते हैं। शिविर में वरिष्ठ शिक्षिका डॉ चेतना एवं डॉ शिखा त्यागी एवं गायत्री शर्मा ने पूर्ण सहयोग दिया। कार्यक्रम अधिकारी राखी शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी शिक्षिकाओं का हृदय से धन्यवाद दिया एवं सभी स्वयंसेविकाओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। शिविर का समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया।

## गौरी शंकर मंदिर में महाशिवरात्रि के पर्व पर रुद्राभिषेक का आयोजन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गौरी शंकर मंदिर सीकरी खुर्द में महाशिवरात्रि के पर्व पर रुद्राभिषेक कर पूरी रात महामृत्युंजय मंत्र के साथ 101 किलो दूध का शिवलिंग पर अभिषेक किया गया। उसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर मंदिर के महंत नारायण गिरी, भाजपा नेता दीपक वत्स , प्रधान संजय, डॉक्टर नरेंद्र त्यागी, महेंद्र सिंह चंदेला ,ब्रह्मसिंह ,ओमवीर जांगिड़, देवदत्त वत्स ,हनी वत्स, नितिन वत्स ,मोहन सिंह व महेश सोनी आदि कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# मुल्तानीमल मोदी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का भव्य उद्घाटन

वेलकम इंडिया







**मोदीनगर।** मुल्तानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर में आज राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह से पूर्व पिछले एक माह से गाजियाबाद के विभिन्न थाना मुख्यालयों पर आयोजित छात्र आनुभविक अधिगम कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसीपी (गाजियाबाद ग्रामीण) सुरेंद्र नाथ तिवारी थे, जबकि अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दीपक अग्रवाल ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमर सिंह कश्यप ने किया। समापन समारोह में राम चमेली चड्ढा कॉलेज, गाजियाबाद और लाला लाजपत राय कॉलेज, साहिबाबाद के छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षकगण भी शामिल हुए। मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने छात्रों को कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया और छात्र-पुलिस समन्वय को सफल प्रयास बताया। इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने एक रैली निकालकर राज चौपला से हापुड़ रोड होते हुए ग्राम गदाना, गढ़ी और तिबड़ा में चारों इकाइयों ने अपने-अपने शिविर की स्थापना की। अपने अपने शिविर स्थल पर सभी इकाइयों ने आगामी सात दिनों की कार्य योजना तैयार की। दोपहर बाद स्वयंसेवकों ने मिलकर सामूहिक रूप से भोजन किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अमर सिंह कश्यप ने स्वयंसेवकों को आगामी दिनों की गतिविधियों की जानकारी दी और सभी से अनुशासन में रहकर शिविर को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर राज कुमार, डॉ. शिवांगी त्रिवेदी, डॉ. आभा शर्मा और गदाना प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या ने भी स्वयंसेवकों को अनुशासन बनाए रखने और सेवा कार्यों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया।

# छात्राओं को जागरूक करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी महाविद्यालय में इनरव्हील क्लब मोदीनगर एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सरवइकल कैंसर पर छात्राएं को जागरूक करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब प्रेसिडेंट आशा बंसल, डॉ0 शताक्षी गर्ग, डॉ0 रीता बक्शी, प्राचार्य डॉ0 पूनम शर्मा,सेक्रेटरी अनीता रानी के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0 सरिता जैन के द्वारा की गई। डॉ0 शताक्षी गर्ग ने समस्त छात्राओं एवं स्टाफ को सरवइकल कैंसर से होने वाली हानियों एवं उनकी रोकथाम के बारे में जागरूक किया ।छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए ।कार्यक्रम को सफल बनाने में स्तुति गुप्ता ,प्रतिभा गांधी,उर्मिला गुप्ता,शालू तिवारी,मंजू कन्नौजिया ,खुशबू ,गार्गी ,गीता त्यागी,यास्मीन खान का विशेष सहयोग रहा।

## रमनजीत मिस्टर फेयरवेल व तनिष्का मिस फेयरवेल बनी




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** आयुध निमार्णी फैक्ट्री परिसर स्थित पल्लव निकेतन स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया।

शुभारंभ मुख्यअतिथि यंत्र महिला कल्याण समिति की अध्यक्षा वंदना शर्मा, स्कूल कोर्डिनेटर माया प्रमाणिक व कोषाध्यक्षा दीप्ती भाटी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अध्यक्षा वंदना शर्मा ने कहा कि छात्रों को अपने माता पिता और गुरू का सम्मान करना चाहिये। कोर्डिनेटर माया प्रमाणिक व प्रधानाचार्या संतोष कर्दम ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छात्रों ने कविता व गीत प्रस्तुत किये। मिस्टर फेयरवेल कक्षा 5 बी के हरमनजीत सिंह व मिस फेयरवेल कक्षा 5 ए की तनिष्का सिंह को चुना गया। पल्लव निकेतन स्कूल प्रधानाचार्या संतोष कर्दम, अंकुर विद्या मंदिर स्कूल प्रधानाचार्या रीतू शर्मा, कृष्णा देवी, रजनी शर्मा, अनिता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कृषि उत्पादन में सुधार के लिए जैव कीटनाशक एवं उर्वरक का उपयोग जरूरी

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में ह्लटिकाऊ खेती के लिए मृदा स्वास्थ्य एवं पादप रोग नियंत्रण हेतु जैव उर्वरकों व कीटनाशी का उत्पादनह्व विषय पर चल रहे 21 दिवसीय शीतकालीन प्रशिक्षण का मंगलवार देर शाम को समापन हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि आईसीएआर नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक व डा. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विवि समस्तीपुर पूसा बिहार के पूर्व कुलपति डा. एच.पी सिंह, विशिष्ठ अतिथि भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी के पूर्व निदेशक डा. मथुरा राय एवं विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रक्षेत्रों का भ्रमण कर विकास कार्यों को परखा और सरहाना की। इस कार्यक्रम में आठ अलग-अलग राज्यों से कुल 25 वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया। बतौर मुख्यअतिथि आईसीएआर नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक व डा. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विवि समस्तीपुर पूसा, बिहार के पूर्व कुलपति डा. एच.पी सिंह ने कहा कि जैव कीटनाशकों के उपयोग से कृषि उत्पादन में सुधार हो सकता है। ये कोटों को नियंत्रित करने में भी मदद करते हैं। जैव कीटनाशक पर्यावरण के अनुकूल होते हैं और रासायनिक कीटनाशकों की तुलना में कम हानिकारक होते हैं।

## शैक्षिक विकास का स्तर कम होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने शिक्षकों को लगाई फटकार

वेलकम इंडिया



**मिल्कीपुर अयोध्या।** जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने गुरूवार को अमानीगंज क्षेत्र के भटपुरा गोपालपुर प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय के कैंपस में ही संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र की व्यवस्थाओं को भी देखा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने विद्यालय के शिक्षकों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित नही थे जिस पर बताया गया कि वे अवकाश पर हैं। निरीक्षण के दौरान कई छात्र-छात्राएं बिना यूनीफार्म के विद्यालय आए थे। जिस पर शिक्षकों को निर्देशित किया कि अभिभावकों से संवाद स्थापित कर बच्चों को रोजाना विद्यालय के यूनीफार्म में आना सुनिश्चित करें। बच्चों को कम किताबें मिलने की शिकायत पर बेसिक शिक्षा अधिकारी से फोन से वार्ता कर जल्द से जल्द किताबों की उपलब्धता कराने को कहा गया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से बात कर उनके शैक्षिक स्तर को परखा। शैक्षिक विकास का स्तर कम होने पर शिक्षकों को फटकर लगाई। तथा प्रत्येक छात्र पर ध्यान देते हुए सुधार लाने का निर्देश दिया। विद्यार्थियों से वार्ता कर मिड-डे-मील तथा अन्य सरकारी सुविधाओं की जानकारी लिया। आंगनबाडी केन्द्र के निरीक्षण में सब-कुछ ठीकठाक मिला। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मिड-डे-मील तथा अन्य सरकारी सुविधाओं के बारे में शिक्षकों तथा बच्चों से जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा जीवन की नींव के समान है। सरकार प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च स्तर तक के शिक्षा स्तर में सुधार के लिए व्यापक योजनाएं चला रही है।

## 5 मार्च से गाजियाबाद में बंटेगा मार्च माह का राशन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इस बार मार्च माह का राशन जल्दी बांटा जाएगा। गोदामों से कोटेदारों तक खाद्यान्न पहुंचाने की व्यवस्था शुरू की गई है। होली के त्योहार को देखते हुए तीन-चार मार्च तक खाद्यान्न दुकानों तक पहुंच जाएगा। पांच मार्च से कोटे की दुकानों से उपभोक्ताओं को राशन का वितरण शुरू होने की संभावना है।

चावल और गेहूं, राशन के खाद्यान्न में शिकायत आने के बाद राशन में मोटे अनाज की मात्रा बढ़ाई गई है। मार्च माह में राशन में चावल कम दिया जाएगा। चावल की जगह इस बार मार्च में बाजरा अधिक दिया जाएगा। होली के त्योहार को देखते हुए तीन-चार मार्च तक खाद्यांन्न दुकानों तक पहुंच जाएगा। पांच मार्च से कोटे की दुकानों से उपभोक्ताओं को राशन का वितरण शुरू हो जाएगा। मार्च माह में राशन की दुकानों पर चावल से ज्यादा मोटा अनाज भेजा गया है। अबकी बार उपभोक्ताओं में चावल कम वितरित किया जाएगा। जबकि मोटा अनाज ज्यादा है। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि गाजियाबाद में 8500 अंत्योदय राशन कार्ड धारक हैं। इसके अलावा 4,54,768 सामान्य राशन कार्ड धारक उपभोक्ता हैं। जिले में कुल 20,05,709 लोगों को मुफ्त राशन दिया जाता है।

# अयोध्या में श्रद्धालुओं का सैलाब,10 लाख से ज्यादा पहुंचे श्रद्धालु

वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाकर श्रद्धालुओं का सैलाब लगातार राम नगरी अयोध्या आ रहा है ।राम नगरी में श्रद्धालुओं के सैलाब ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं को नाकाफी कर दिया ।राम नगरी में 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे हैं ।महाकुंभ खत्म होने के बाद भी आस्था अपने सबाब पर पहुंच रही है,लाखों श्रद्धालु लगातार रामलला का दर्शन पूजन कर रहे हैं और अपने-अपने गंतव्य को जा रहे हैं। हालात को देखकर कहा जा सकता है कि राम नगरी में आस्था का सैलाब उमडा पड़ा है ।श्रद्धालुओं के सैलाब को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं ।राम जन्मभूमि और हनुमानगढ़ी में कई किलोमीटर लंबी कतार लगी है ।सुबह 5 बजे से लगने वाली लाइन देर रात तक लग रही है,बड़ी संख्या में सुरक्षा बल मौके पर तैनात हैं और सुविधाजनक ढंग से श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं,सरयू का घाट हो हनुमानगढ़ी मंदिर हो या फिर राम जन्म भूमि का परिसर हो हर तरफ केवल श्रद्धालुओं का सैलाब है।

राम नगरी की मुख्य सड़कों से लेकर गालियां और ग्रामीण क्षेत्रों तक श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए राम नगरी के बाहर होल्डिंग एरिया बनाया गया है,रूट डायवर्जन कर श्रद्धालुओं को कंट्रोल करने का प्रयास किया जा रहा है,जगह-जगह पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल और तमाम मूलभूत सुविधाओं का इंतजाम किया गया है ।इसके साथ ही राम नगरी में आवागमन मार्ग को अलग-अलग किया गया है,बीच-बीच में बैरीकेटिंग कर श्रद्धालुओं को मंदिर की क्षमता के अनुरूप प्रवेश दिया जा रहा है। दूरदराज से राम नगरी पहुंचे श्रद्धालुओं में भी उत्साह कम होने का नाम नहीं ले रहा है ।आस्था के पथ पर चाहे जितना संघर्ष करना पड़े,लेकिन रामलला के दर्शन के बाद श्रद्धालु केवल धन्यवाद देते नजर आ रहे हैं ।श्रद्धालुओं ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं को देखते हुए जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट किया है ।इतना ही नहीं श्रद्धालुओं ने प्रभु राम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रधानमंत्री बनने को लेकर भी आशीर्वाद मांगा है।



# गाजियाबाद में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक, निवेश और उद्योग समस्याओं पर हुई चर्चा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्योग से जुड़ी समस्याओं, निवेश मित्र पोर्टल के लंबित प्रकरणों और औद्योगिक क्षेत्र के विकास पर चर्चा की गई।

बैठक का संचालन जीएम डीआईसी श्री श्रीनाथ पासवान ने किया। उन्होंने पूर्व की बैठकों में प्राप्त 23 प्रकरणों पर हुई कार्यवाही और अनुपालन आख्या के बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया। इसके अलावा, निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। साथ ही, वर्तमान बैठक के लिए प्राप्त 5 नए प्रकरणों पर चर्चा हुई और उनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश जारी किए।

फायर स्टेशन के मामले में जिलाधिकारी ने सीएफओ और यूपीसीडा को निर्देश दिए कि समयबद्ध फाइल तैयार कर समाधान हेतु बैठक आयोजित करें। नाले पर पुलिया निर्माण कार्य 15 मार्च तक पूरा करने का आश्वासन दिया गया। फायर स्टेशन निर्माण के लिए एस्टिमेट तैयार कर आगामी सप्ताह में बैठक करने का निर्देश दिया गया। सीवर व नाली के पानी की निकासी हेतु उच्च क्षमता के नए एमएलडी प्लांट बनाने की योजना पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने इंडस्ट्रियल एसोसिएशन साहिबाबाद, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन दुहाई, लोनी एस्टेट इंडस्ट्रियल एरिया, अमृत स्टील कंपाउंड, साउथ साइड ऑफ जीटी रोड इंडस्ट्री एरिया, हर्षा कंपाउंड इंडस्ट्रियल एरिया सहित विभिन्न संगठनों से प्राप्त नई शिकायतों पर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपसी समन्वय से हल की जा सकने वाली समस्याओं को तुरंत निस्तारित किया जाए। वहीं, जो शिकायतें जिलाधिकारी स्तर पर हल होनी हैं, उनके लिए संबंधित विभागों के साथ शीघ्र बैठक आयोजित की जाए। बैठक में बड़ी संख्या में उद्योग बंधु उपस्थित रहे, जिन्होंने जिलाधिकारी द्वारा समस्याओं के समाधान के प्रति दिखाई गई तत्परता और सकारात्मक रवैये की सराहना की।

## गाजियाबाद के नवनियुक्त जिलाधिकारी दीपक मीणा का ट्रक और बस एसोसिएशन ने किया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद ट्रक और बस एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों द्वारा आज नवनियुक्त जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। श्री मीणा को फूलमाला एवं शॉल भेंट कर उनके प्रति शुभकामना प्रकट की गईं।

इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिलाधिकारी श्री मीणा ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके त्वरित समाधान हेतु उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। सम्मान समारोह में जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, मीडिया प्रभारी अमित भारद्वाज, अध्यक्ष (बस एसोसिएशन) तेजपाल त्यागी, संजय सिंह, मनोज सिंह, राजकुमार तनेजा एवं समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष कमलेश कुमार (कम्मों पंडित) ने विशेष रूप से उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढ़ाई। इस सम्मान समारोह के माध्यम से गाजियाबाद ट्रक और बस एसोसिएशन ने प्रशासन और एसोसिएशन के बीच सामंजस्यपूर्ण संबंधों को और मजबूत बनाने की पहल की है।

## धनंजय ने गाजियाबाद से प्रयागराज तक 700 किमी साइकिल चलाकर दिया फिटनेस का संदेश



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद के रहने वाले धनंजय ने एक अनोखा कारनामा कर दिखाया है। उन्होंने गाजियाबाद से प्रयागराज तक 700 किलोमीटर से अधिक की दूरी साइकिल से तय की, ताकि वे महाकुंभ मेले में शामिल हो सकें। धनंजय ने बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा रविवार सुबह 3 बजे शुरू की और लगातार साइकिल चलाते हुए प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छोटे-छोटे ब्रेक लिए, लेकिन उनका हौसला कभी कम नहीं हुआ।

धनंजय का मकसद सिर्फ महाकुम्भ में शामिल होना ही नहीं था, बल्कि वे एक खास संदेश भी लेकर आए हैं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा दे रहे हैं। धनंजय का कहना है कि आजकल लोग अपनी व्यस्त दिनचर्या और स्क्रीन टाइम में इतने उलझ गए हैं कि वे अपनी सेहत पर ध्यान नहीं दे पाते। वे चाहते हैं कि लोग अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा वक्त निकालकर व्यायाम करें और शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। महाकुम्भ में पहुंचकर धनंजय ने न सिर्फ अपनी फिटनेस का सबूत दिया, बल्कि दूसरों के लिए भी एक मिसाल कायम की।

## गाजियाबाद पैरेंट्स एसोसिएशन ने आरटीई दाखिले से इनकार करने वाले स्कूलों पर एफआईआर की मांग की

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। गाजियाबाद पैरेंट्स एसोसिएशन ने सरकार से आरटीई के तहत दाखिले से इंकार करने वाले स्कूलों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि निजी स्कूल सरकार के नियमों का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं, जो कानूनन गलत है। ऐसे में इन पर मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी के मुताबिक, दिसंबर से अब तक जिले में आरटीई के तीन चरणों में बच्चों को स्कूलों का चयन हो गया है। इसमें से दो चरण के बच्चों को ऑफर लेटर भी जारी हो गए हैं, मगर अब तक किसी भी स्कूल ने एक भी बच्चे को दाखिला नहीं दिया है। मना करने के बावजूद भी स्कूलों ने बच्चों के घर जाकर वेरिफिकेशन कराना शुरू कर दिया है। साथ में तीन साल का बैंक स्टेटमेंट सहित अनावश्यक कागजात भी मांग रहे हैं। सचिव अनिल सिंह ने कहा कि यह आरटीई के नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि ऐसे स्कूलों पर समय रहते कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि बच्चों को शिक्षा का अधिकार मिल सके। वहीं सरकार से उन्होंने ऐसे स्कूलों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की।

## सीएजी रिपोर्ट की परतें खोलने में जुटे भाजपा विधायक

**नई दिल्ली**। विधानसभा सत्र के दौरान सीएजी रिपोर्ट की परत दर परत खोलने में सत्ता पक्ष के नेता जुटे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने आप पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आक्रामक तेवर अख्तियार किए हैं। बृहस्पतिवार को दोनों ने विधानसभा में दावा किया कि 10 साल में सीएजी की कोई भी रिपोर्ट केजरीवाल सरकार ने विधानसभा में पेश नहीं की।

वहीं, मंत्री कपिल मिश्रा ने सीएजी रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान कहा कि घोटालों की सूची इतनी बड़ी है कि इसे खोलते-खोलते कई दिन निकल जाएंगे, झाड़ूवाला ही दारूवाला है। केजरीवाल जहां हाथ लगाते थे, वहीं भ्रष्टाचार होता था। सीएजी रिपोर्ट पर चर्चा पहले हो जानी चाहिए थी। वे मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं कि पहले ही सत्र में रिपोर्ट को पेश किया और सच सभी के सामने आ गया। अब एक-एक कर सारी रिपोर्ट आएंगी। आप विधायकों के निलंबन पर उन्होंने कहा कि नियमों को मानना व पढ़ना चाहिए। केजरीवाल और मनीष सिसोदिया वाला जमाना गया। कोई भी सदन में आएगा और तमाशा करेगा, यह नहीं होगा। सदन में दिल्ली के मुद्दों की चर्चा होगी। भाजपा विधायक अभय वर्मा ने कहा कि आप नेता इसी विधानसभा में कहते थे कि शिक्षा और स्वास्थ्य की क्रांति लाने वाले मनीष सिसोदिया व सत्येंद्र जैन को भारत रत्न देना चाहिए। सीएजी रिपोर्ट ने साफ कर दिया कि आप नेता अपने भ्रष्टाचारियों को भारत रत्न दिलाना चाह रहे थे। अब वह दिन गया। भ्रष्टाचार की कलाई खुल गई है। विधायक शिखा राय ने कहा कि सीएजी रिपोर्ट में दिल दहला देने वाले तथ्य सामने आए हैं। रिपोर्ट में स्पष्ट है कि आप ने गुणवत्ता से कैसे समझौता किया। लोगों के जीवन से खिलवाड़ किया गया।

## पीसीएचए ने होली-ईद मिलन में किया पत्रकारों का सम्मान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। प्राइवेट चिकित्सा हेल्थ केयर संगठन ने मुरादनगर में होली एवं ईद मिलन समारोह धूमधाम से मनाया इस मौके पर पत्रकारों को कलाम की योद्धा सम्मान से भी सम्मानित किया गया। प्राइवेट चिकित्सा हेल्थ केयर संगठन देहात सहित पूरे जनपद में चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराते हैं। संस्थान मानना है कि संविधान के चौथे स्तंभ यानि पत्रकार अपनी जिम्मेदारी को हर हाल में निभाते हैं ऐसे में उनकी एसोसिएशन ने पत्रकारों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया।

इस मौके पर विशिष्ट स्थिति के तौर पर महिपाल सिंह, कवित्री डॉ गीतिका चतुर्वेदी, कवित्री डॉ नवोदय शर्मा, डॉ अरशद इकबाल का संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय कुशवाहा राष्ट्रीय कार्यकारिणी डॉक्टर अतुल त्यागी प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर जी के राजा ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुशवाहा ने कहा कि उनका संगठन लगातार जन सेवा कर रहा है निश्चित रूप से आज चिकित्सा पद्धति बहुत महंगी हो गई है लेकिन उनके संगठन ने हमेशा ही गरीबों को बेहतर और अच्छा इलाज माहिया करने का भरसक प्रयास किया है। कार्यक्रम में सम्मान समारोह के साथ कविताओं का माहौल भी बेहद तरीके से बनाया गया। जहां मशहूर कभी श्री डॉक्टर गीतिका चतुर्वेदी ने कविताओं से शानदार समां बांधा इसके अलावा कवित्री डॉक्टर नवोदय का शर्मा ने भी एक से एक बढ़कर कविताएं सुनाएं। जिसमे पत्रकारों के कलम को सलाम था साथ ही होली की रंगों की चमक भी महसूस हुई।

## निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियानः अर्थला और सिद्धिक नगर में 7 करोड़ की भूमि कब्जा मुक्त

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा मोहन नगर जोन की अर्थला क्षेत्र में तथा सिटी जोन अंतर्गत सिद्धिक नगर में निगम की भूमि को कब्जा मुक्त करने के लिए अभियान चलाया गया मौके पर प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह तथा अन्य टीम उपस्थित रही, परवर्तन टीम का विशेष सहयोग अभियान के दौरान रहा, लगभग दोनों अभियान में 7 करोड़ की भूमि कब्जा मुक्त कराई गई।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम संपत्ति विभाग की टीम लगातार निगम की भूमि को कब्जा मुक्त करने में जुटी हुई है निरंतर अभियान चल रहे हैं अर्थला की खसरा नंबर 1330 में 700 वर्ग मीटर भूमि कब्जा मुक्त कराई गई जिसकी लागत 3.50 करोड़ आकी गई है, इसी प्रकार सिद्धिक नगर में 1640 वर्ग मीटर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है जिसका खसरा नंबर 307,316,317 है संपत्ति की लागत लगभग साढे तीन करोड़ आंखें गई है। नगर आयुक्त द्वारा विभाग को प्रतिदिन ऐसी भूमि जिन पर कब्जा पाया जा रहा है अविलंब कार्यवाही के लिए कहा गया है इसके अलावा संपत्ति विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को मॉनिटरिंग को प्रबल करने के निर्देश दिए गए हैं, दोषियों के विरुद्ध एफआईआर करने के लिए भी टीम को निर्देश दिए गए हैं, अर्थला तथा सिद्धिक नगर में खाली कराई गई भूमि पर गाजियाबाद नगर निगम का बोर्ड लगाने तथा तार फेंसिंग के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं।

## महामाया स्टेडियम में मई से शुरू होगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का आधुनिक जूडो हॉल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में बन रहा अंतरराष्ट्रीय स्तर के आधुनिक जूडो हॉल में मई माह से खिलाड़ी खेल का अभ्यास करते नजर आएंगे। इस आधुनिक जूडो हॉल को मई से शुरू करने की योजना है। इसके शुरू हो जाने से एक साथ करीब 200 खिलाड़ी जूडो का अभ्यास कर सकेंगे। जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को काफी लाभ मिलेगा।

जनपद में सरकारी स्टेडियम के रूप में एकमात्र महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम विकसित है। यहां विभिन्न खेलों में खिलाड़ी अपना भविष्य बनाने के लिए प्रशिक्षण लेने के लिए आते हैं। स्टेडियम परिसर में ही जूडो के अभ्यास के लिए हॉल बना हुआ है, जहां करीब 35 से 40 खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। यह हॉल समय के साथ पुराना हो चुका है। स्टेडियम में समय के साथ आधुनिक हॉल की मांग को देखते हुए पिछले वर्ष से जूडो हॉल का निर्माण कार्य चल रहा है। इसे पहले दिवाली से शुरू किया जाना था लेकिन समय से कार्य पूरा नहीं होने से यह हॉल शुरू नहीं हो सका था। जिला उप खेल क्रीड़ाधिकारी पूनम बिश्नोई ने बताया कि महामाया स्टेडियम में बन रहा जूडो हॉल अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इस आधुनिक जूडो हॉल में खिलाड़ियों को अभ्यास करने के दौरान विश्वस्तरीय सुविधा दी जाएंगी। फिनिशिंग का कार्य लगभग खत्म पर है। इसे जल्दी पूरा करा मई से इसे शुरू कराया जाएगा। जिसके बाद जूडो खिलाड़ी नए आधुनिक जूडो हॉल में खेल का और बेहतर अभ्यास कर सकेंगे। युवा खिलाड़ी हॉल में अनुभवी कोच की निगरानी में इस खेल के नए दाव पेंच सीख बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए खुद को तैयार कर सकेंगे। हॉल में अभ्यास के लिए अलग एवं मैच के लिए अलग जगह आरक्षित होगी। हॉल में एक साथ करीब 200 खिलाड़ी अभ्यास कर सकते हैं। खिलाड़ियों के लिए इस खेल से जुड़ी आधुनिक संसाधन की भी पूरी व्यवस्था रहेगी।

जिले का यह पहला अंतरराष्ट्रीय स्तर का जूडो हॉल होगा, जिसमें खिलाड़ियों को अभ्यास करने के लिए बड़ी जगह मिलेगी। मैट आदि उच्च गुणवत्ता वाले होंगे ताकि अभ्यास के दौरान चोट लगने की संभावना ना के बराबर हो।

## गाजियाबाद नगर निगम यूनियन की नगर आयुक्त से बैठक, कर्मचारियों के हितों पर हुई चर्चा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद नगर निगम की यूनियन के पदाधिकारी गण द्वारा नगर आयुक्त से बैठक की गई, निगम हित तथा कर्मचारियों के हित में चल रहे कार्यों की सरहाना की गई बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, प्रभारी अधिष्ठान पल्लवी सिंह उपस्थित रही। यूनियन की टीम द्वारा कर्मचारियों के ट्रांसफर, कर्मचारियों की नियुक्ति पदोन्नति तथा अनेक बिंदुओं पर नगर आयुक्त से चर्चा की गई तथा समय से हो रहे कार्यों के लिए धन्यवाद भी किया गया। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम में कार्य कर रहे सभी कर्मचारियों का समय से वेतन का भुगतान, मृतक आश्रितों की नियुक्ति, मेडिकल भुगतान तथा रिटायर हुए कर्मचारियों की देयता का भुगतान निगम की प्राथमिकता है जिसके क्रम में न केवल पुराने मामलों को सुलझाया गया है बल्कि वर्तमान में चल रही कार्य प्रणाली को सुदृढ़ किया गया है, इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों को भी गाजियाबाद नगर निगम के सभी कर्मचारियों के हितों में नियम अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में गाजियाबाद नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रविंद्र उपाध्यक्ष संजय शर्मा महामंत्री नितिन भारद्वाज क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रदीप तथा राजीव व अन्य टीम द्वारा, सफाई मित्रों वाहन चालकों मालियों प्रकाश विभाग के कर्मचारी तथा जल कल विभाग के कर्मचारी की टीम के साथ समय-समय पर बैठक बुलाई जाने का अनुरोध किया गया जिस पर नगर आयुक्त ने रोस्टर के क्रम में बैठक करने के निर्देश टीम को दिए गए उपस्थित जनों ने नगर आयुक्त का धन्यवाद किया।



## वसुंधरा में खाली भूखंडों पर आएगी नई आवास योजना, जल्द शुरू होगी चहारदीवारी

**गाजियाबाद**। वसुंधरा में खाली पड़े बड़े भूखंडों पर आवास योजना लाने की तैयारी शुरू हो गई है। जल्द ही खाली पड़ी जमीन पर चहारदीवारी बनाने का कार्य शुरू होगा, जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है। भूउपयोग बदलने के प्रस्ताव पर मुहर लगने तक यह कार्य पूरा हो जाएगा। वसुंधरा सेक्टर तीन और चार में आवास एवं विकास परिषद के कई बड़े भूखंड खाली पड़े हैं, जिन पर सालों से हजारों की संख्या में झुग्गियां बसी हुई थीं। बीते दिनों इन झुग्गियों को हटाकर यहां आवास योजना लाने की योजना बनाई गई थी।